दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



अस्थमा-एलर्जी से बच्चों को जब सांस लेने में हो परेशानी

सांस संबंधी गंभीर रोग है सीओपीडी सही डायग्नोसिस-प्रॉपर ट्रीटमेंट है जरूरी

वर्ष : 12 | अंक : 321 | लखनऊ, 20 नवम्बर ,शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

खट्टर आज पीएम स्वनिधि सम्मान पुरस्कार देंगे

नई दिल्ली। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय का शहरी विकास विभाग शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में स्वनिधि सम्मान पुरस्कार 2026 का आयोजन करेगा। ये पुरस्कार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल प्रदान करेंगे। राज्य मंत्री तोखन साहू विशिष्ट अतिथि रहेंगे।



बीजापुर में सड़क निर्माण भ्रष्टाचार ,13 निलंबित

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बीजापुर में बिना सड़क बने ही 19 करोड़ 17 लाख का भुगतान करने के मामले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 13 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। यह निर्माण कार्य और भुगतान राज्य में पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान हुए।



सिद्धारमैया नही लड़ेंगे अगला विधानसभा चुनाव

मैसुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने गुरुवार को कहा कि वे 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने अपनी उम्र का हवाला दिया। वह अपने समर्थकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं की इस मांग पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उन्हें विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने के फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।



शिंदे के हेलिकॉप्टर में अचानक आई खराबी

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का हेलिकॉप्टर पंढरपुर से मुंबई के लिए निकलते समय अचानक खराब हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हेलिकॉप्टर की बैटरी में दिक्कत के कारण वो उड़ान नहीं भर सका। इसके बाद एकनाथ शिंदे अब पुणे के रास्ते से मुंबई आ रहे हैं।



पीएम मोदी ने फिक्की की महासभा और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया

पूर्व सरकारों का अनुभव खट्टा था, अब देश में है दोस्त सरकार, अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही

विपक्ष के आरोपों को नकारा, नीति और नीयत में बताई खोट

उद्योगपतियों से सुझाव भी मांगे



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) की 100वीं वार्षिक महासभा और वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति, गरीबी उन्मूलन और भारतीय उद्योग जगत की भूमिका पर बात की। कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया।पीएम मोदी ने कहा कि 70 के दशक में जब देश में 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया था, तब भारत की आबादी करीब 50 करोड़ थी। गरीबी उस समय भी दूर हो सकती थी, लेकिन नीतियों में कमी रही और दुर्भाग्य से नीयत में भी कमी थी। फिक्की इस बात का साक्षी है। उन्होंने कहा कि जब सही नीयत से काम हुआ और सरकार सही दिशा में आगे बढ़ी तो सिर्फ 12-13 वर्षों में 50 करोड़ गरीब गरीबी से बाहर निकल आए। यह दिखाता है कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह सही और सटीक है। इसमें देश की सफलता की गारंटी है।

विकास और गरीबी से बाहर निकलने की रफ्तार तेज

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत में प्रगति की गति बहुत तेज है। इसके साथ ही गरीबी से बाहर निकलने की रफ्तार भी काफी तेज है। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट हम सभी को गर्व से भरने वाली है। सिर्फ 12-13 वर्षों में भारत के 50 करोड़ लोगों ने गरीबी को पराजित किया है।



लोगों ने कई दौर देखे, सिर्फ गाली देने से देश आगे नहीं बढ़ता

प्रधानमंत्री ने कहा कि 00 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने कई दौर देखे हैं। देश ने लाइसेंस-कोटा राज देखा, राष्ट्रीयकरण का विफल प्रयोग देखा। अब भारतीय अर्थव्यवस्था को 'फ्रेजाइल फाइव' में गिना जाने लगा। 12 वर्षों में देशवासियों ने स्थिति को बदला है। सिर्फ थालियां देने से देश आगे नहीं बढ़ता।

इंडिया फर्स्ट को निवेश का आधार बनाएं

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से अपील की कि अगले 20 वर्षों के लिए किए जाने वाले हर दीर्घकालिक निवेश फैसले में 'इंडिया फर्स्ट' को आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि इससे देश आत्मनिर्भर बनेगा।

टैक्स रिटर्न व रिफंड को भी सरल बनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी देश तब तरक्की करता है जब वह किसानों, छोटे उद्यमियों, उद्योगों, धन सृजन करने वालों और करदाताओं का सम्मान करता है। हमने कॉर्पोरेट टैक्स की मूल दर को 2014 के 30% से घटाकर 22% कर दिया है। 12 लाख तक की आय टैक्स-फ्री है।

टैक्स तो घटा दिया, लेकिन रोजगार और बढ़ा हुआ वेतन कहां? : कंपनियों को भारी रियायतों के बाद अब सरकार ने कॉर्पोरेट जगत से उसकी जवाबदेही पर सीधे सवाल पूछे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय उद्योग जगत को आईना दिखाया।

पहले की सरकारों का खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आपका पुरानी सरकारों का अनुभव इतना खट्टा है कि उसका खामियाजा मुझे भुगतना पड़ रहा है। यह पुरानी सरकार नहीं है, यह दोस्त सरकार है। यह दोस्ती निभाना जानती है।

'आर्थिक आपदा' बयान पर दो टूक

7 फीसदी की दर से बढ़ती रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री ने विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और पिछले 12-13 वर्षों में लगभग 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। वैश्विक संस्थाएं आर्थिक वृद्धि दर 7% या उससे अधिक रहने का अनुमान लगा रही हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा

बीते 4 वर्षों में घटे पेट्रोल-डीजल के दाम, होर्मुज संकट का नहीं पड़ा असर



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 4वर्षों के दौरान देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आई है। ' होर्मुज' के बंद होने से भी भारत पर असर नहीं पड़ा।

अभिषेक के सवाल पर बोला सुप्रीम कोर्ट

न्याय केवल सत्ता में बैठे लोगों का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने जस्टिस सिस्टम की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। टीएमसी सांसद ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा उनके निजी सहयोगी सुमित रॉय को चार मामलों में अंतरिम राहत देने से इनकार किए जाने के बाद यह बात कही। अभिषेक बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि न्याय केवल सत्ता में बैठे लोगों का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राहत भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और उनके करीबियों को मिलती दिखाई दे रही है, जबकि विपक्ष को अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

रॉय की याचिका कर दी गई थी खारिज

बेनर्जी की टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा सुमित रॉय की उस याचिका को खारिज करने के बाद आई, जिसमें उन्होंने चार मामले में अंतरिम संरक्षण की मांग की थी। इन मामलों में उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार दिखाया गया है। सुमित रॉय फिलहाल सालबोनी में कथित भूमि घोटाले से जुड़े एक मामले में गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में हैं।

निर्वाचन आयोग दिल्ली में फॉर्म-7 दुरुपयोग के आरोपों की जांच करे

उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह दिल्ली के मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के लिए 'फॉर्म-7' के तहत झूठे आवेदन दाखिल किए जाने के आरोपों की जांच करे और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए। फॉर्म-7 मतदाता आवेदन पत्र है और इसका उपयोग मौजूदा मतदाता सूची में नामों को शामिल करने या हटाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताने के लिए किया जाता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह आदेश एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुस्तफाबाद इलाके में मतदाता सूची के 'विशेष सघन पुनरीक्षण' (एसआईआर)के दौरान 'फॉर्म-7' के तहत झूठे और फर्जी आवेदन दाखिल किए गए थे।



दवाओं से जुड़े नियमों में होगा बदलाव

कुछ उत्पादों को मिलेगी राहत इसे 3 श्रेणियों में बांटा जाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने उनके निर्माण से जुड़े नियम बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। पर एक समान नियम ठीक नहीं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की 3श्रेणियों के लिए नियमों में कुछ राहत देने का प्रस्ताव रखा है। इनमें मेडिकल गैसें, खाली जिलेटिन कैप्सूल और कीटाणुनाशक तरल पदार्थ शामिल हैं। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब दिसंबर 2023 में दवाओं के निर्माण से जुड़े गुणवत्ता मानकों में बदलाव किए गए थे। इन नए नियमों पर संबंधित उद्योगों ने कुछ चिंताएं जताई थी। इन श्रेणियों के उत्पादों को पहले लागू शेड्यूल-एम के कुछ प्रावधानों से मिली छूट जारी रखने की बात कही गई है। शेड्यूल-एम दवाओं के निर्माण में गुणवत्ता, साफ-सफाई, उत्पादन प्रक्रिया और सुरक्षा से जुड़े मानकों को निर्धारित करता है।

हिमाचल में रेणुका मेला शुरू

भगवान परशुराम की 'पालकी' रेणुका झील पहुंची, हुआ मिलन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के श्री रेणुका जी में होने वाला एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव है, जो 19 से 24 नवंबर तक चलेगा। यह मेला माता रेणुका और उनके पुत्र भगवान परशुराम के पावन मिलन की स्मृति में मनाया जाता है। लोककथाओं के अनुसार, कार्तिक मास में देव प्रबोधिनी एकादशी के आसपास भगवान परशुराम अपनी माता रेणुका से मिलने जामूकोटी गांव से पालकी में आते हैं। भव्य देव शोभायात्रा के साथ परशुराम जी की पालकी रेणुका झील तक पहुंचती है, जहां स्नान और पूजन की परंपरा निभाई जाती है।

अब बार-बार नहीं बनवाना होगा वाहनों का पीयूसी

बीएस-6 गाड़ियों के बदले नियम

6 साल तक पुरानी निजी गाड़ियों के लिए प्रमाण पत्र 3 साल तक रहेगा वैध

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



वाहन चालकों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) को लेकर सरकार ने बदलाव किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पीयूसी सर्टिफिकेट की वैधता अवधि में संशोधन किया है। अब नई बीएस-6 निजी गाड़ियों के मालिकों को हर 6 महीने या साल में पीयूसीबन बाने की जरूरत नहीं है। 6 साल तक पुरानी निजी गाड़ियों के लिए प्रमाणपत्र 3 साल तक वैध रहेगा।पुराने वाहनों के लिए पहले की तरह नियम लागू रहेंगे।

यह बदलाव किया

- 6 साल से ज्यादा और 10 साल तक पुरानी गाड़ियों के लिए हर साल प्रमाणपत्र का नवीनीकरण कराना होगा।
- 10 साल से ज्यादा पुरानी बीएस-6 निजी गाड़ियों के लिए हर 6महीने में पीयूसी सर्टिफिकेट बनवाना होगा।

कमर्शियल वाहनों के लिए नवीनीकरण

सरकार ने बीएस-6 मानक वाले परिवहन वाहनों के लिए भी पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता अवधि बढ़ाई है। हालांकि, यहां निजी वाहनों से अलग समयसीमा रखी गई है। इन वाहनों के लिए भी उनकी उम्र के आधार पर नवीनीकरण की अवधि तय की गई है।

मौसम विभाग ने कहा- अब तूफान अकवन ने बदली दिशा

110 किमी रफ्तार से बढ़ने की संभावना

ओडिशा में 72 हजार लोगों को हटाया गया, चेतावनी जारी की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारतीय मौसम विभाग ने पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूद भीषण चक्रवाती तूफान अकवन के तीव्र होने की खबर दी है। अकवान पिछले 6 घंटों के दौरान 17 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ा है। गुरुवार को11:30 बजे यह उसी क्षेत्र में, 15.4अंश उत्तर अक्षांश और 85.2अंश पूर्व देशांतर के पास स्थित था। यह आंध्र प्रदेश से लगभग 390 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व, कलिंगपट्टनम से 350 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व, गोपालपुर (ओडिशा) से 430 किमी दक्षिण, पुरी से 490 किमी दक्षिण और चेन्नई (तमिलनाडु) से 600 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में है। बुधवार से इसने रास्ता बदल लिया।

आज ओडिशा और आंध्र तट से टकराने की संभावना

इसके उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और शुक्रवार दोपहर तक नरसापुर और पुरी के बीच, गोपालपुर के निकट, उत्तरी आंध्र प्रदेश, यनम और दक्षिणी ओडिशा के तटों को पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति झोंकों के साथ 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। विभाग ने तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और ओडिशा के क्षेत्रों के लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। ओडिशा में खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने राहत की तैयारियां शुरू कर दी है। अब तक करीब 72 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है।

बजट 2027-28 की तैयारी तेज, सुझाव आमंत्रित किए

सीतारमण ने आईटी सेक्टर के साथ की छठी चर्चा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बजट में क्षेत्र की प्राथमिकताओं, नीतिगत सुझावों और चुनौतियों को शामिल करन उद्देश्य है। इससे पहले अर्थशास्त्रियों, उद्योग जगत, एमएसएमई, स्टार्टअप्स तथा बीएफएसआई क्षेत्र के साथ बैठकें हो चुकी है

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ छठी बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक केंद्रीय बजट 2027-28 की तैयारियों के तहत आयोजित की गई। बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, नीति आयोग के सीईओ, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। उद्योग के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों को आर्थिक प्राथमिकताओं पर अपने विचार रखने और मुद्दों को सामने रखने का अवसर मिलता है।

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल रहे



अब तक 5 दौर की बैठकें पूरी

इस बैठक के साथ सरकार ने बजट 2027-28 से पहले परामर्श के 5 दौर पूरे कर लिए हैं। इनमें अर्थशास्त्रियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों , स्टार्टअप, पूंजी बाजार, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं एवं बीमा और आईटी क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ चर्चा की गई है।इससे पहले सीतारमण ने पूंजी बाजार और अन्य हितधारकों के साथ पांचवीं बजट-पूर्व बैठक की अध्यक्षता की थी।

1 फरवरी को पेश हो सकता है आम बजट

बजट तैयार करने से पहले विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से सुझाव लेती है। इसका उद्देश्य उद्योगों की जरूरतों, अपेक्षाओं को समझना आर्थिक गतिविधियों और विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत क्षेत्रों की पहचान करना है। बजट 2027-28 को 1 फरवरी 2027 को पेश किए जाने की संभावना है।

ग्रीन गैस की केवाईसी के नाम पर साइबर ठगी, खाते से उड़े करीब 3 लाख रुपये

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में करीब एक माह पहले ग्रीन गैस की केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से करीब तीन लाख रुपये पार कर दिए। खुद के साथ धोखाधड़ी होने की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी। बंथरा थाना क्षेत्र के लोनहा निवासी प्रेम कुमार पुत्र राधेलाल के मुताबिक उनका बैंक ऑफ बड़ौदा की कृष्णानगर शाखा में बचत खाता है। प्रेम कुमार का कहना है कि 21 अक्टूबर 2026 को ग्रीन गैस के नाम पर केवाईसी अपडेट कराने के दौरान साइबर जालसाजों ने उनके खाते से ऑनलाइन 2,98,913.96 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। खाते से अचानक इतनी बड़ी रकम निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की तहरीर बंथरा थाने में दी।

राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना सहकारिता क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगी : डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रदेश के पहले राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान किए जाने पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र के विकास, विस्तार एवं आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह संस्थान प्रदेश के सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा तथा सहकारिता व्यवस्था को अधिक सक्षम, आधुनिक और रोजगारपरक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. जादौन ने कहा कि लखनऊ के रहमान खेड़ा में स्थापित होने वाला यह संस्थान युवाओं को सहकारिता के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक), साइबर क्राइम, कंप्यूटर मार्केटिंग एवं बैंकिंग जैसे आधुनिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं एवं रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि गुजरात स्थित त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय से संबद्धता के माध्यम से संस्थान को उच्च स्तरीय शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं सहकारिता क्षेत्र की विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। इससे प्रदेश के सहकारी बैंकों, सहकारी समितियों एवं अन्य सहकारी संस्थाओं को प्रशिक्षित, तकनीकी रूप से दक्ष एवं कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि वर्तमान समय में सहकारिता क्षेत्र में तकनीकी दक्षता, प्रबंधन कौशल एवं आधुनिक कार्यप्रणाली की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना युवाओं को सहकारिता क्षेत्र से जोड़ने के साथ-साथ इस क्षेत्र में नई प्रतिभाओं और नवाचार को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महाविद्यालय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करेगा तथा सहकारिता को शिक्षा, तकनीक और नवाचार से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त सहकारी व्यवस्था के निर्माण में अहम योगदान देगा। डॉ. जादौन ने कहा कि राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश में सहकारिता के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। यह पहल प्रदेश के सहकारी आंदोलन को नई पहचान देने के साथ-साथ सहकारिता के माध्यम से युवाओं के कौशल विकास, आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार सृजन के नए रास्ते खोलेगी। आने वाले समय में यह संस्थान उत्तर प्रदेश के सहकारी क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

'नौकरी दो, रोजगार दो, युवाओं को अधिकार दो' के नारों से गूंजा युवा अधिकार सम्मेलन

(प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती, बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती में देरी के मुद्दे पर सरकार को घेरा)

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद युवा कांग्रेस की ओर से बेरोजगारी, पेपर लीक और लंबित भर्तियों के मुद्दे पर युवा अधिकार सम्मेलन आयोजित किया गया। अंकित तिवारी के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में प्रदेशभर से आए युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ह्यनौकरी दो, रोजगार दो, युवाओं को अधिकार दोह्ल के नारों के साथ युवाओं के हक की आवाज बुलंद की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा ह्यमोनाह्ल ने कहा कि प्रदेश में सरकारी भर्तियां लंबित हैं और परीक्षाएं पेपर लीक की भेंट चढ़ रही हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी ने युवाओं से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। युवा कांग्रेस नेता अंकित तिवारी ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और पेपर लीक की घटनाओं से प्रदेश का युवा निराश और परेशान है। उन्होंने रिक्त पदों पर पारदर्शी भर्ती, परीक्षा में धांधली पर रोक, बेरोजगार युवाओं को भत्ता और नीतियों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस दौरान युवा नेता शिवम त्रिपाठी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार युवाओं को ठगने का काम कर रही है। सरकार के नारों और वादों में रोजगार की बात तो खूब होती है, लेकिन जब युवा अपने हक का रोजगार मांगते हैं तो उन्हें जवाब में सिर्फ लाठियां मिलती हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश का युवा नौकरी और रोजगार के लिए भटक रहा है। युवाओं को झूठे आश्वासनों की नहीं, बल्कि पारदर्शी भर्ती, सम्मानजनक रोजगार और अपने अधिकारों की जरूरत है। युवाओं की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। सम्मेलन का संचालन युवा कांग्रेस मध्य के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नकुल दुबे, देवेंद्र निषाद, मितेंद्र दर्शन सिंह, भू देव शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोना तस्करी गिरोह का पदार्फाश, नी-कैप में छिपाकर लाया 1023 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद

सऊदी से लाया सोना लेने आए दो तस्कर गिरफ्तार, तीसरा फरार, किया सोनेट कार सीज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने विदेश से सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए मुजफ्फरनगर निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से नी-कैप में छिपाकर लाया गया कुल 1023 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद किया है। इसके अलावा आरोपियों के पास से एक किया सोनेट कार, दो मोबाइल फोन, 8900 रुपये नकद और सऊदी अरब का आईडी कार्ड भी मिला है। पुलिस के मुताबिक बरामद सोने के पेस्ट को गलाने पर 7.59 ग्राम शुद्ध सोना प्राप्त हुआ। वहीं गिरोह का एक अन्य सदस्य पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक बुधवार 18 नवंबर की रात उपनिरीक्षक अवनीश वर्मा पुलिस टीम के साथ शहीद पथ पर लक्ष्मण चौक के आगे एयरपोर्ट की तरफ जाने वाले यूटर्न पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सऊदी अरब से सोने की तस्करी कर बुधवार सुबह जेद्दा से लखनऊ पहुंची फ्लाइनास की उड़ान (एक्सवाई-605) से लाया गया सोना लेने कुछ लोग काली किया सोनेट कार से आने वाले हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस को देखते ही कार सवार तीन लोग गाली-गलौज और धक्का-मुक्की करते हुए भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर दो लोगों को दबोच लिया, जबकि तीसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के बागोवाली निवासी मोहम्मद अब्दुल्ला (30) और छपार थाना क्षेत्र के खुड्डा निवासी मोहम्मद सम्मून (28) के रूप में हुई। तलाशी में अब्दुल्ला की जैकेट से पीले रंग की नी-कैप में सिला हुआ 514 ग्राम और सम्मून के पास से दूसरी नी-कैप में 509 ग्राम सोने का पेस्ट बरामद हुआ। पूछताछ में सम्मून ने बताया कि वह वर्ष 2024 में नौकरी के लिए सऊदी अरब गया था। नौकरी छूटने के बाद आर्थिक तंगी के चलते वह वहाब नामक व्यक्ति के संपर्क में आया। उसने भारत भेजने का खर्च उठाने के बदले नी-कैप में सोने का पेस्ट छिपाकर लखनऊ लाने का प्रस्ताव दिया था। लखनऊ पहुंचने के बाद उसने एक नी-कैप अब्दुल्ला को सौंप दी थी। अब्दुल्ला ने बताया कि वह अपने साथी के साथ सोना लेने आया था, जिसे आगे पहुंचाना था। उन्होंने बताया कि वह सोना लेकर एयरपोर्ट के बाहर निकल गए थे, लेकिन आगे रोड पर जाम लगा होने के कारण वह वापस दूसरे रास्ते से निकलने की फिराक में थे। तभी पकड़ लिए गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर उनकी कार सीज कर दी और उनसे पूछताछ करने के साथ उनके फरार साथी के अलावा तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

काम से लौटे तो बाइक गायब, सीसीटीवी से चोरों का सुराग लगा रही पुलिस

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से बीते दिनों चोरों ने एक मोटरसाइकिल पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से अमेठी जिले के जामो थाना अंतर्गत अंगरावां निवासी दिलीप कुमार के मुताबिक वह आशियाना के किला मोहम्मदी नगर में रहकर ट्रांसपोर्ट नगर में काम करते हैं। दिलीप का कहना है कि बीते 9 नवंबर को प्रतापगढ़ के पट्टी तहसील स्थित मानपुर में रहने वाले अपने ससुर श्रवण कुमार शर्मा के नाम पंजीकृत मोटरसाइकिल (यूपी 72 बीक्यू 2631) लेकर दोपहर को सरोजनीनगर स्थित कांग्रेट्स एग्रोपार्क प्राइवेट लिमिटेड स्थित कार्यालय आया था। जहां कार्यालय गेट के सामने पार्किंग नंबर पांच के पास बाइक खड़ी कर अंदर काम करने चला गया। शाम करीब पांच बजे वापस लौटने पर मोटरसाइकिल वहाँ से गायब मिली। बाद में काफी खोजबीन और आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

घर से लापता हुई किशोरी, बहला-फुसलाकर भगाने के संदेह में युवक पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र से बीते दिनों एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद किशोरी की मां ने एक युवक पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताते हुए सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 16 वर्षीय बेटी बीते 26 अक्टूबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन करने के साथ ही रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी उसका पता लगाया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। काफी समय बीतने के बाद भी बेटी का सुराग न मिलने पर मां ने उन्नाव जिले के रामपुर गढौवा स्थित मदारी खेड़ा निवासी शिवम कुमार पुत्र लेखराम पर बेटी को अपने साथ ले जाने का संदेह जताया है।

सरकारी बंजर भूमि पर फिर कब्जे का प्रयास, लेखपाल की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट

बंजर जमीन पर दोबारा निर्माण, दीवार और पिलर खड़े करने पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में सरकारी बंजर भूमि पर दोबारा अवैध कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए सरोजनीनगर तहसील के लेखपाल तुषार कृष्ण सिंह ने अनिल कुमार, सुनीता व साहिल आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेखपाल तुषार कृष्ण सिंह का आरोप है कि अनिल कुमार पुत्र केशन, सुनीता पत्नी स्व. केशन, सुनीता पत्नी अनिल कुमार और साहिल ने गाटा संख्या 363 की 0.417 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर फिर से निर्माण शुरू कर दिया है। लेखपाल का कहना है कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर खाते में दर्ज है। आरोप है कि आरोपियों ने इससे पहले 14 मार्च 2026 को भी इसी जमीन पर निर्माण कर कब्जे का प्रयास किया था। उस समय स्थानीय पुलिस उपनिरीक्षक बृजभान कुशवाहा की मौजूदगी और सहयोग से निर्माण रुकवा दिया गया था। इसके संबंध में हस्ताक्षरित स्पॉट मेमो भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया था। आरोप है कि 18 नवंबर को आरोपियों ने दोबारा दीवार बनाने के साथ पिलर खड़े कर दिए। फिलहाल लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बंद मकान में चोरी, दरवाजा तोड़कर सोने-चांदी के गहने और 20 हजार नकदी ले गए चोर

छठ पूजा पर घर बंद कर गए थे, पीछे से चोरों ने अलमारी तोड़कर की लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के कीमती गहने और हजारों की नकदी पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर में रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे अहमदपुर उर्फ कमलापुर निवासी कृपा शंकर पाण्डेय के मुताबिक 14 नवंबर को वह घर में ताला बंद कर छठ पूजा में शामिल होने के लिए गोरखपुर स्थित अपने गांव गए थे। कृपाशंकर का कहना है कि इसी दौरान 17 नवंबर के तड़के करीब 2:10 बजे तीन अज्ञात चोर उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने यहाँ घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के कीमती गहने और 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। बाद में गोरखपुर से वापस घर लौटने पर चोरी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में मामले की तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का सुराग लगाने में जुटी है।

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में भेजा गया जेल

नाबालिग किशोरी सकुशल बरामद, दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 35 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद करने के साथ आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक व्यक्ति ने 15 नवंबर 2026 को बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नौ नवंबर को शनि नाम का युवक उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग की सकुशल बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देश पर तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस टीमों ने तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के अलावा मुखबिर की मदद से किशोरी को सकुशल बरामद करने के साथ पारा थाना क्षेत्र के सदरौना स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी आरोपी शनि कुमार कोरी (35) पुत्र राजू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजने के साथ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुवार को उसे जेल भेज दिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दूधिया की मौत

बहन को मौसी के घर छोड़कर बाइक से लौट रहा था युवक, भतोइया गांव के पास हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



मृतक शौकत फाइल – फोटो

लखनऊ। बहन को मौसी के घर छोड़कर बाइक से वापस लौट रहे दूधिया की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हरदोई जनपद के कछौना थाना क्षेत्र के टिकवामऊ निवासी शौकत (35) बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े तीन बजे अपनी बहन शबनम को लखनऊ फरीदीपुर में मौसी के घर छोड़कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। वह रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव के पास ओवरब्रिज के पास पहुंचा ही था कि तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि शौकत उछलकर सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई और बाइक का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस घायल शौकत को सीएचसी मलिहाबाद ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक शौकत अपने भाई शरीफ के साथ लखनऊ में रहकर दूध डेयरी चलाता था। मृतक के पिता सुमेर, मां हंसाना और भाई जमील व शरीफ का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणयाक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

फर्जी पासबुक से 50 हजार निकालने पहुंचा अधेड़, बैंककर्मी की सतर्कता से पकड़ा गया

एसबीआई मलिहाबाद शाखा में खाताधारक का नाम और खाता संख्या मिटाकर की गई थी कूटरचना, पुलिस ने पासबुक और निकासी पर्ची कब्जे में ली

अमन लेखनी समाचार



आरोपी नंदकिशोर फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद ब्लॉक रोड पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक में फर्जी पासबुक और निकासी पर्ची के जरिए 50 हजार रुपये निकालने पहुंचे एक अधेड़ को बैंककर्मियों की सतर्कता से पकड़ लिया गया। कैशियर को दस्तावेजों पर संदेह होने पर शाखा प्रबंधक ने जांच की तो पासबुक में खाताधारक का नाम और खाता संख्या मिटाकर दोबारा लिखे जाने का मामला सामने आया। सूचना पर पहुंची मलिहाबाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को एक व्यक्ति एसबीआई की मलिहाबाद शाखा में पहुंचा और बेलगढ़ा निवासी महावीर पुत्र फकीर के खाते से 50 हजार रुपये निकालने के लिए पासबुक और निकासी पर्ची कैश काउंटर पर दी। दस्तावेजों को देखकर कैशियर को शक हुआ। इस पर उसने शाखा प्रबंधक राजेन्द्र बहादुर सिंह को जानकारी दी। जांच में पासबुक के साथ छेड़छाड़ कर खाताधारक का नाम और खाता संख्या मिटाकर दोबारा लिखे जाने की पुष्टि हुई।

इसके बाद बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी पहचान हरदोई जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर निवासी नन्दकिशोर (58) के रूप में हुई। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पासबुक और निकासी पर्ची को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार में हैंडब्रेक लगते ही पलटा छोटा हाथी डाला, दो घायल

भतोइया ओवरब्रिज के पास हादसा, केबिन काटकर निकाले गए दोनों लोग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर भतोइया गांव के पास ओवरब्रिज से उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त कार को टोचिंग कर ले जा रहा छोटा हाथी डाला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में डाला चालक समेत दो लोग केबिन में फंसकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद डाले का केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला। हादसे में डाले का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।



सड़क पर पलटा पड़ा डाला

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के चिनहट निवासी दीपक कबीरपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के सुल्तानपुर रोड से दुर्घटनाग्रस्त कार को रस्सी से बांधकर छोटा हाथी डाले से हरदोई स्थित हुंडई एजेंसी ले जा रहे थे। कार में चिनहट निवासी भानु यादव सवार थे। बृहस्पतिवार को रहीमाबाद के भतोइया गांव स्थित ओवरब्रिज से उतरते समय अचानक कार चालक ने हैंडब्रेक लगा दी। इससे टोचिंग कर रहा डाला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में डाला चालक दीपक और हरदोई के सुरसा थाना क्षेत्र के बभना निवासी ज्ञानेश मिश्रा केबिन में बुरी तरह फंस गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि हादसे के समय सामने से कोई दूसरा वाहन नहीं आ रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

9 दिन से अपने घर असम से लापता गुमशुदा युवक व जिला बहराइच से गुमशुदा एक अन्य बालक बरामद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बुधवार को थाना आशियाना लखनऊ पर सूचना प्राप्त हुई थी एक व्यक्ति पानी की टंकी, सालेहनगर आशियाना, लखनऊ पर चढ़ा हुआ है, उक्त सूचना पर थाना आशियाना की पुलिस तत्काल पानी की टंकी सालेहनगर आशियाना पहुंची, जहां पानी की टंकी पर चढ़े हुये व्यक्ति को बहुत ही सूझबूझ के साथ कार्य करते हुये पानी की टंकी से सकुशल नीचे उतारा गया। वहीं दूसरी ओर बुधवार को थाना आशियाना लखनऊ पर सूचना प्राप्त हुई थी एक 10 वर्ष का नाबालिग बच्चा सड़क पर घूमता हुआ मिला जिसे आशियाना पुलिस के द्वारा थाना स्थानीय पर लाकर पूछताछ कर परिजनों से सम्पर्क कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।(1) प्राप्त सूचना पर संज्ञान लेते हुए थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये दिनांक बुधवार को शाम 5 बजे सालेहनगर के पास पानी की टंकी पर चढ़े हुये व्यक्ति को समझा बुझाकर सकुशल पानी की टंकी से नीचे उतारा गया। व्यक्ति के नीचे उतरने के पश्चात पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि उक्त व्यक्ति का नाम अब्दुल आजिज पुत्र अब्दुल मलिक निवासी राहा काकाती गांव थाना कामपुर जिला नवगाँव असम 16 वर्षीय। उपरोक्त व्यक्ति के परिवारीजनों से सम्पर्क किया गया तो परिवारीजन के द्वारा बताया गया कि उनका पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है जो कि विगत 09 दिनों से लापता है। हम लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे है। अपने गुमशुदा पुत्र के मिलने की सूचना पर परिवारीजन असम से तत्काल प्रस्थान कर थाना आशियाना लखनऊ आये, जहां अपने पुत्र को देखकर परिजन बहुत ही खुश हुये तथा खुशी से उनकी आंखों में आंसू आ गये। परिजनों के द्वारा थाना आशियाना लखनऊ पुलिस को कोटि कोटि धन्यवाद दिया गया तथा परिजन अपने पुत्र को लेकर अपने साथ वापस आसाम के लिये रूकसत हुये। वहीं दूसरी सूचना पर संज्ञान लेते हुए थाना आशियाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये दिनांक बुधवार को शाम 7 बजे बच्चे को बरामद कर थाना स्थानीय लाकर पूछताछ किया गया तो ज्ञात हुआ कि खोये हुए बच्चे का नाम शुभम पुत्र कमेश्वर गीरी 10 वर्षीय निवासी समाधि उनिया थाना हुजुरपुर जनपद बहराइच है। जिसकी सूचना थाना आशियाना से जरिये आरटी सेट चार्ली कन्ट्रोल के माध्यम से बहराइच कन्ट्रोल रूम को अवगत कराया गया तथा थाना कार्यालय से थाना हुजुरपुर पर संपर्क किया गया। जिसके पश्चात शुभम उपरोक्त के परिजन थाने ओहुचे अपने पुत्र को देखकर खुशी से भावविभोर होकर रोने लगे। परिजनों के द्वारा थाना आशियाना लखनऊ पुलिस को कोटि कोटि धन्यवाद दिया गया तथा परिजन अपने पुत्र को लेकर अपने साथ वापस बहराइच के लिये रूकसत हुये।

संक्षेप

5 वर्षीय मासूम के साथ युवक ने किया दुष्कर्म करने का प्रयास

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि पाटन निवासी संतोष पासी पुत्र कंचन पासी ने गांव की ही एक 5 वर्षीय मासूम बालिका को बहाने से पाटन स्थित एक खंडहर मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी दौरान गांव के कुछ युवकों की नजर पड़ गई। युवकों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते युवकों की नजर नहीं पड़ती तो नाबालिग के साथ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं।बिहार थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि पीड़िता। की मां की तहरीर पर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।

सर्वजन सनातन पार्टी 403 सीटों पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव

उन्नाव। पुरवा कस्बा स्थित एक निजी परिसर में आयोजित सर्वजन सनातन पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे पार्टी के प्रदेश महासचिव अंशुमान द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सनातन को लेकर कार्य करने वाली पार्टी है। असली सनातन कभी कहीं नहीं जाता है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों कांग्रेस, सपा, बसपा पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव सभी 403 सीटों पर लड़ेगी।किसी दल से गठबंधन पर उन्होंने कहा कि यदि कोई दल सनातन का साथ देता है तो उन्हें उसके साथ गठबंधन करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।प्रदेश महासचिव ने कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की अपील की।इस दौरान बाल शंकर त्रिपाठी, अमित सोनी, कपिल त्रिपाठी, शिव प्रसाद, पंकज, संदीप, राकेश, वेद द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चालक ने निगला जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

बांगरमऊ, उन्नाव।यूपीडा टीम द्वारा एक डी सी एम चालक को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे रेफर कर दिया गया कहा जा रहा है चालक ने किसी तरह कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था। शिवम 22 वर्ष पुत्र अजमेर सिंह निवासी नगला पीपल,थाना औंछा जनपद मैनपुरी को यूपीडा एंबुलेंस द्वारा गुरुवार को शाम पहर करीब 4:30 बजे बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।अस्पताल पहुंचने पर चालक ने बताया कि वह डी सी एम लेकर आगरा से लखनऊ की तरफ जा रहा था तभी उसे किसी अज्ञात द्वारा कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया गया था हालांकि डाक्टरों द्वारा उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है कुछ लोगों द्वारा इस घटना पर संशय जताया जा रहा है। ड्यूटीरत डाक्टर नीरज शुक्ला ने बताया है कोई जहरीला पदार्थ निगलने की बात पर इलाज किया गया है हालत स्थिर है।

निबहरी कल्याणपुर से खोदी जा रही मिट्टी, बजेहरा में डाले जाने का आरोप

सोहरामऊ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का मामला, पुलिस और तहसील प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। आरोप है कि निबहरी कल्याणपुर में बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए ग्राम बजेहरा में डाली जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह गतिविधि लगातार जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।ग्रामीणों के मुताबिक, मिट्टी की खुदाई और ढुलाई का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।इसे लेकर पुलिस और तहसील प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।लोगों का आरोप है कि यदि खनन विभाग की अनुमति के बिना मिट्टी की खुदाई और परिवहन हो रहा है तो इससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच सकता है।

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि मिट्टी की खुदाई किसकी अनुमति से की जा रही है और इसके लिए निर्धारित रॉयल्टी जमा की गई है या नहीं।यदि खनन अवैध है तो अब तक संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की ?स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से मामले की स्थलीय जांच कराने, खनन की अनुमति और रॉयल्टी की पड़ताल करने तथा अनियमितता मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब देखना है कि प्रशासन इस मामले में कब तक जांच और कार्रवाई शुरू करता है।

बच्चों के विवाद में महिला के साथ मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम अकवाबाद में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट करने और उलाहना देने गई महिला से अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने का मामला पहुंचा पुलिस की चौखट परे ग्राम अकवाबाद निवासी कंचन सिंह पत्नी रमेश सिंह ने थाने में तहरीर दिया कि मेरा पुत्र युवराज सिंह अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान गांव के ही दूसरे मोहल्ले का रहने वाला नैतिक पुत्र विमलेश सिंह वहां पहुंचा और अनावश्यक रूप से युवराज को गालियां देने लगा। जब युवराज ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी गर्दन पकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई मौजूद अवधेश सिंह पुत्र बासदेव सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। विपक्षी दबंग किस्म के हैं और इससे पहले भी बेटे के साथ बेरहमी से मारपीट कर चुके हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया

स्वच्छ भारत अभियान की उड़ाई जा रही खुलेआम धज्जियां

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। विकास खंड हिलौली की ग्राम पंचायत पारा स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाता हुआ लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत को स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ ग्राम पंचायत हो अधिकारियों को आदेश देते हैं अधिकारी इस कान से सुनते हैं दूसरे कान से निकाल देते हैं

ग्राम वासियों ने बताया कि गंदे पानी से निकलकर जाना पड़ता है लगातार प्रधान से शिकायत की जाती है मगर प्रधान कार्यवाही नहीं करते मोहम्मद इब्राहिम ने बताया कि हम लोग मुस्लिम हैं फिर भी प्रधान मेरी नहीं सुनते 5 साल से लगातार सड़क पर पानी भरा हुआ है अगर नाले की सफाई हो जाए तो यह पानी निकल जाएगा बारिश के दिनों में घरों में पानीभरजाताहै इस गंदे पानी की वजह से हमारे बच्चे अक्सर बीमार रहते हैं मगर ग्राम पंचायत के प्रधान को हमारी मजबूरी नहीं दिख रही कि मेरे बच्चे बीमार हो रहे हैं लोगों ने बताया कि अगर मृत्यु हो जाए घर में तो इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता हैपशियाना मोहल्ला के शुभम ने बताया कि हम लोग भाजपा को हमेशा वोट देते हैं भाजपा के कार्यकर्ता पारा में भी रहते हैं मगर कभी भी विधायक अनिल सिंह को हमारी समस्याओं के बारे में अवगत नहीं कराते हैं हम लोग विधायक अनिल सिंह के पास अपनी बात नहीं कह पाते जब प्रधान से कहते हैं प्रधान कहता है कि आप लोग भाजपा कोवोटदेते हैं लोगों ने बताया कि प्रधान सपा मानसिकता के हैं इसीलिए जहां-जहां भाजपा के वोटर हैं वहां पर कूड़े का ढेर लगा हुआ मिलेगा आपको गंदे पानी से निकलने के लिए मजबूर है लोगों ने बताया कि हमारे बच्चों के रिश्ते भी नहीं हो रहे हैं रिश्तेदारों ने भी हमसे दूरियां बना ली है रिश्तेदारों ने कहा कि क्या हमें वहां पर आकरबीमार पड़नाहै आप लोग तो पहले से बीमार है हम आपके घर नहीं आएंगे ग्राम वासियों का दर्द सिर्फ यही था कि हम लोग लगातार भाजपा कोवोट देतेहैं शायद इसीलिए नालेकी सफाई नहीं हो रही है अगर नालेकी सफाई हो जाए तो गंदे पानी से मुक्ति मिल जाएगी बारिश के दिनों में पानी घरों में भर जाता है निकलना मुश्किल हो जाता है आखिर अपना दर्द कहे तो किससेकहें लोगों ने बताया कि विधायक अनिल सिंह के संज्ञान में यह चीज नहीं है ना ही यहां के कार्यकर्ता बताते हैं अगर विधायक के संज्ञान में होता तो शायद हम लोगों की समस्या दूर हो जाती

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का किया गया जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। अचलगंज नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल के कार्यभार ग्रहण करते ही शिक्षकों ने ब्लाक संसाधन केन्द्र में भव्य स्वागत किया। उन्होंने शिक्षक हितों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। पुरवा विकास खण्ड के बीईओ सुरेश कुमार के स्थानांतरण के बाद नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल गुरुवार को बीआरसी बस्तीखेड़ा पुरवा पहुंचे और कार्यालय के कार्मिकों व शिक्षकों से भेंट की। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री/ब्लाक अध्यक्ष पुरवा गजेन्द्र वर्मा, मंत्री संजय द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक पटेल तथा जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री राम जन्म सिंह ने अपनी टीम के साथ शिष्टाचार भेंट कर नवागत बीईओ का भव्य स्वागत किया। इस दौरान एक-दूसरे से परिचय हुआ। बीईओ उदयमणि पटेल ने कहा कि शिक्षकों के हितों की सुरक्षा की जाएगी लेकिन उन्होंने शिक्षकों से अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का आश्वासन लिया। आपको बता दें कि बीईओ उदयमणि पटेल की पुरवा ब्लाक की पहली नियुक्ति है जबकि वह सीतापुर से स्थानांतरित होकर आए हैं। भेंट करने वाले शिक्षकों में जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष वरुण सिंह, पूर्व एआरपी आलोक अवस्थी, श्रवण पटेल, एआरपी मयंक मिश्रा, आलोक चौरसिया, शोभित श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

अनिश्चितकालीन कार्य न करने का ग्राम रोजगार सेवकों ने किया ऐलान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लंबित मांगों का कार्य पूरा न होने के विरोध में ग्राम रोजगार सेवक अनिश्चितकालीन के लिए कार्य बहिष्कार का ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंप कर सूचना दी है।

गुरुवार को बिछिया विकासखंड के करीब एक दर्जन से अधिक ग्राम रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि उनकी लंबित मांगों की कार्यवाही पूर्ण न होने से वह अनिश्चितकालीन के लिए कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन पर जा रहे हैं। उनकी लंबित मांगों में मानदेय वृद्धि ,कैशलेस चिकित्सा सुविधा,ईपीएफ भुगतान एवं अन्य विभागीय समस्याओं के समाधान हेतु शासन द्वारा तय समय में करवाई किये ना जाने पर व समस्या का निराकरण न कराए जाने पर ग्राम रोजगार सेवक अपनी-अपनी ग्राम पंचायत के कार्यों का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन के लिए धरना प्रदर्शन पर जाने को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर सूचना दी है।बीडीओ अजय कुमार ने बताया की ग्राम रोजगार सेवकों का ज्ञापन मिला है संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दिया जाएगा।

नगर के मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या के लेकर एसडीएम को दिया गया प्रार्थना पत्र

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मुख्य मार्गों पर निरंतर बने रहने वाली जाम की समस्या को लेकर श्री दोसर वैश्य सेवा समिति ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थना पत्र में जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई गई है। समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता ऋषभू व आनंद कुमार की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि जाम की समस्या अब रोजमर्रा की परेशानी बन गई है। जनहित में भारी वाहनों के आवागमन हेतु निर्धारित समय-सीमा, ई-रिक्शा के लिए सुव्यवस्थित स्टैंड, उचित पार्किंग व्यवस्था तथा सड़क किनारे अतिक्रमण जैसी समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। पत्र में यह भी अनुरोध किया गया है कि यातायात सुधार की कार्यवाही संतुलित व निष्पक्ष हो। इसका उद्देश्य केवल व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के टीनशेड हटाने तक सीमित न रहकर जाम के सभी वास्तविक कारणों का समाधान होना चाहिए। ताकि किसी भी व्यापारी को असुविधा न हो।समिति ने संबंधित विभागों, व्यापार मंडल व सामाजिक प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक कर यातायात व्यवस्था को सुचारू व व्यवस्थित बनाने हेतु समन्वित कार्ययोजना निर्धारित करने की मांग की है।

परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगी जनगणना में कैसे छात्र करे पढ़ाई

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। अचलगंज परिषदीय स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षाओं का मखौल बन गया है। नौनिहालों के भविष्य के साथ जिम्मेदार खिलवाड़ कर रहे हैं। अधिकांश शिक्षक जनगणना व बीएलओ में लगाए गये हैं जबकि परीक्षा के प्रश्नपत्र ही नहीं पहुंच रहे हैं।इस समय जनपद के परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं इन दिनों गतिमान हैं। विकास खण्ड हिलौली के अधिकांश स्कूलों में गुरुवार को जूनियर कक्षाओं में गणित का प्रश्नपत्र ही नहीं पहुंचा। अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में प्रश्नपत्र पर्याप्त मात्रा में न पहुंचने से प्रधान शिक्षकों की परेशानियां बढ़ गई। उनकी चिंता इस बात की रही कि कैसे बच्चों को प्रश्नपत्र नोट कराया जाए क्योंकि स्टाफ भी पर्याप्त नहीं है और छात्र संख्या भी अधिक है। इन दिनों अधिकांश शिक्षकों को स्वगणना व मतदाता सूची पुनरीक्षण में लगाया जा चुका है। कुछ शिक्षक आकस्मिक व चिकित्सीय अवकाश पर हैं। ऐसे में नौनिहालों के भविष्य की जिम्मेदारी किसकी ? नाम न छापने की शर्त पर कई शिक्षकों ने बताया कि अधिकांश स्कूलों का यही हाल रहा है। हिलौली बीईओ के स्थानांतरण के बाद विकास खण्ड में कोई जिम्मेदारी नहीं उठा रहा है। विभागीय जिम्मेदार इन अव्यवस्थाओं पर आखिर क्यों मौन रहते हैं और मूकदर्शक बने रहते हैं ? नवागत बीईओ नीरज श्रीवास्तव ने हमारे संवाददाता का फोन नहीं उठाया।

चोर ने नगदी समेत लाइसेंसी दो नाली बंदूक किया पार 24 घंटे बाद कुछ दूरी पर रखी मिली बंदूक

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक के घर में अलमारी खोल चोर ने दो नाली लाइसेंसी बंदूक 22 कारतूस व 60 हजार नगद रुपए पार कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की इसी बीच घटना के 24 घंटे बाद घर से 25 मीटर दूर बंदूक रक्खी मिली ।पुलिस घटना की जाच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के जमालनगर गैर एहतमाली निवासी रामनरेश पुत्र परशुराम ने बुधवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुबह मेरी पत्नी दर्शना सिंह जब सो कर उठी तो उसने आकर मुझे बताया कि घर के दूसरे कमरे का दरवाजा खुला है जिसमे मौजूद सूटकेस खुला व सामान बिखारा हैं इस बात की जानकारी होने पर मेरे द्वारा उसी कमरे मे रखे अलमारी जिसमे चाबी नही लगी थी व लाक खुला हुआ था जिसको खोलकर देखा तो उसमे रखी मेरी 12 बोर लाइसेंसीं बन्दूक व 22 कारतूस मय बेल्ट सहित 60 हाजार रुपये चोरी कर लिया गया कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर संदिग्ध स्थानों पर तलाश शुरू कर रही थी कि पीड़ित ने बृहस्पतिवार सुबह घर से 25 मीटर दूर बंदूक रक्खी देख पुलिस को सूचना दी । कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि बंदूक वहां कैसे पहुची इसकी जाच पड़ताल की जा रही है सत्यता के आधार पर घटना का खुलासा किया जाएगा।

कलियुग केवल नाम अधारा , सुमरि सुमरि नर उतरहि पारा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावन धाम कुटी बीर बाबा मंदिर प्रांगड़ में चल रहे ग्यारहवे नवदिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ के आठवे दिन आचार्य ज्ञानेश जी भक्तो को रामकथा के दौरान बताया कि कलियुग में सिर्फ ईश्वर का नाम ही आधार है इसी का जप करते करते भक्त को ईश्वरत्व की प्राप्ति हो जाती है । उन्होंने कहा मनाही मातु पिता नही देवा ,साधुन सन करववहीं सेवा अर्थात जो लोग माता पिता और ईश्वर को नही मानते है तथा साधु , सज्जन व्यक्ति की सेवा न करके उनसे सेवा करवाते है ,परनिंदा करते है, उपहास करते है , दुसरो से ईर्ष्या करते है ऐसे आचरण वाले नर नारी कभी फलीभूत नही होते है , उनके यह आचरण राछसो के समान होते है ।इस लिये मनुष्य को परोपकार करते हुए सत्कर्म करते रहने चाहिए , इससे अपने पूर्वज तो प्रसन्न होते ही है साथ ही ईश्वर का भी आशिर्वाद ऐसे लोगो पर बना रहता है। कथा के दौरान



शिवकन्थ त्रिपाठी , त्रिभुवन दिछित , श्रीकांत , रामजी गुप्ता , प्रेम जायसवाल , रामशंकर , भरोसे , अनिल ,सुधीर , अंशु अवस्थी सहित सौकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

धनुष यज्ञ लीला का किया गया भव्य मंचन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ रोड पर आयोजित श्री कृष्ण लीला महोत्सव के सातवें दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे श्री बृज धाम कृष्ण लीला संस्थान के संरक्षक नंदकिशोर शर्मा के कुशल निर्देशन में धनुषयज्ञ लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि जनकपुर के राजा जनक ने जब देखा कि सीता जी जमीन का लेपन करते-करते एक हाथ से भगवान शिव का विशाल धनुष उठा लेती हैं, तो उन्होंने मन में प्रण कर लिया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा, उसी के साथ जानकी का विवाह होगा। इसके बाद उन्होंने सेवकों को आदेश दिया कि सभी राजाओं को आमंत्रण दिया जाए और धनुषयज्ञ का आयोजन किया जाए।आमंत्रण पर कई राज्यों के राजा धनुषयज्ञ में पहुंचे। ऋषि विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण भी यज्ञ में आए। कई देशों के राजाओं ने धनुष तोड़ने की चेष्टा की, लेकिन कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाया।तब राजा जनक ने विलाप करते हुए कह दिया कि यह पृथ्वी वीरों से खाली है। यह सुनते ही लक्ष्मण जी क्रोध में आ गए। उनके क्रोध को देखकर आए हुए राजा-महाराजा भयभीत हो गए। तब विश्वामित्र जी ने लक्ष्मण जी को समझाया और राम जी को आज्ञा दी, उठो राम, धनुष का भंजन करो और जनक जी के संताप को मिटा दो।गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष उठाकर तोड़ दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इसके बाद प्रभु राम ने सीता जी को जयमाल डाली और सखियां गाने लगीं, झुक जइयो जरा रघुवीर, लाली जी मोरी छोटी है।रावण-बाणासुर संवाद, जनक विलाप और परशुराम-लक्ष्मण संवाद देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। समापन पर अजय तिवारी, वीरपाल सभासद, प्रज्वल शर्मा, संजीव दीक्षित एवं पंडित रामदेव शास्त्री जी ने आरती उतारी।

बेटियों की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होती हैः-डॉ नीरज गुप्ता

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। मोहल्ला प्रेमगंज निवासी सपना गौतम का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने पर नगर में हर्ष का माहौल है। इस उपलब्धि पर समाजसेवी व भाजपा नेता डॉ. नीरज गुप्ता ने सपना गौतम को परिवार सहित सरस्वती शिशु मंदिर, स्टेशन रोड में आमंत्रित कर विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में सम्मानित किया। डॉ. गुप्ता ने सपना की माताजी को साड़ी तथा पिताजी को वस्त्र भेंट कर परिवार के प्रति सम्मान प्रकट किया। साथ ही सपना व उनके भाई अर्जुन गौतम का भी आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सपना की मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। बेटियों की सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत होती है। बताया गया कि अर्जुन गौतम सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्र रहे हैं। इस अवसर पर शिवानी ताम्रकर, शैली शुक्ला, रूबी कुशवाहा, रिया तिवारी, निशा गौतम सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

शशांक शेखर सिंह के आयोजन में उमड़ा जनसैलाब, मधुर शर्मा की एक झलक पाने को बेताब दिखे लोग

'शिव बम लहरी' से 'वंदे मातरम' तक: मधुर शर्मा की मखमली आवाज पर झूमे हजारों श्रोता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम बुधवार की रात संगीत की मधुर लहरियों और दर्शकों के असीम उत्साह से सराबोर हो उठा। देश के मशहूर सूफी और बॉलीवुड गायक मधुर शर्मा की एक झलक पाने और उनके लाइव कॉन्सर्ट का आनंद लेने के लिए शहर और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूर्व एमएलसी स्वर्गीय अजीत सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के पुत्र व भाजपा के युवा नेता शशांक शेखर सिंह 'सनी' द्वारा आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक संध्या ने नगरवासियों को एक अविस्मरणीय रात का तोहफा दिया।

बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ आगाज

करीब चार घंटे से अधिक समय तक चले इस विशाल आयोजन का शुभारंभ स्थानीय स्कूली बच्चों और डांस ग्रुप की शानदार प्रस्तुतियों के साथ हुआ। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे नन्हे कलाकारों ने देशभक्ति और लोक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद स्थानीय बैंड ने भी अपनी धुनों से समां बांधा और मुख्य कार्यक्रम के लिए माहौल तैयार किया।

मधुर शर्मा की एंट्री और सूफी-बॉलीवुड गीतों की धूम



जैसे ही गायक मधुर शर्मा ने मंच पर कदम रखा, पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट और युवाओं के शोर से गूंज उठा। मधुर शर्मा ने अपने कार्यक्रम की आध्यात्मिक शुरूआत 'शिव का वंदन किया करो' भजन से की। इसके तुरंत बाद जब उन्होंने 'शिव बम लहरी' गाया, तो पूरा मैदान भक्तिमय हो गया और दर्शक झूमने लगे।करीब दो घंटे तक चली अपनी लाइव प्रस्तुति में मधुर शर्मा ने 25 से अधिक सुपरहिट गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति के रंग के बाद उन्होंने रोमांटिक और सूफी गीतों की झड़ी लगा दी। जैसे ही उन्होंने 'सैयारा तू तो बदला नहीं है' गीत छेड़ा, दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। इसके अलावा उन्होंने 'काली काली जुल्फों के फंदे ना डालो', 'दमादम मस्त कलंदर', 'तेरे बिन नहीं लगदा दिल मेरा ढोलना' और 'मेरा पिया घर आया' जैसे मशहूर कलाम सुनाकर महफिल लूट ली। संगीतकार प्रीतम के हिट नगमों 'केसरिया', 'चन्ना मेरेया' और 'हवाएं' पर भी युवा, महिलाएं और बच्चे जमकर थिरके। कई मौकों पर हजारों की भीड़ मधुर शर्मा के साथ सुर से सुर मिलाकर गीत गुनगुनाती नजर आई।

25 हजार फ्लैशलाइट से जगमगाया स्टेडियम और वंदे मातरम

कार्यक्रम का सबसे भावुक और ऐतिहासिक पल समापन के दौरान देखने को मिला। जब मधुर शर्मा ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' गाना शुरू किया, तो पूरा स्टेडियम देशभक्ति के जज्बे से भर उठा। एक साथ करीब 25 हजार दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाकर हवा में लहराना शुरू कर दिया। रंग-बिरंगी स्टेज लाइटों के बीच हजारों मोबाइल की रोशनी से पूरा स्टेडियम किसी सितारों भरी रात सा जगमगा उठा।

सेल्फी की होड़ और सोशल मीडिया का क्रेज

पूरे आयोजन के दौरान युवाओं में अपने पसंदीदा गायक मधुर शर्मा और आयोजक शशांक शेखर सिंह सनी के साथ सेल्फी लेने और वीडियो बनाने की जबरदस्त होड़ लगी रही। हर कोई इस यादगार पल को अपने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर लाइव और पोस्ट करने में जुटा रहा।

पुख्ता सुरक्षा और बेहतरीन प्रबंधन

हजारों की बेकाबू भीड़ को संभालने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन को खासा पसीना बहाना पड़ा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विशेष रूप से महिलाओं और परिवारों के बैठने के लिए अलग से सुरक्षित दीर्घा का प्रबंध किया गया था। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में 'टीम सनी' के दो सैकड़ा (200) से अधिक वालेंटियरों ने दिन-रात एक कर दिया और कमान संभाले रखी। कार्यक्रम के सफल समापन पर आयोजक शशांक शेखर सिंह 'सनी' ने मंच से मधुर शर्मा व उनकी पूरी म्यूजिकल टीम, जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया कर्मियों और हजारों की संख्या में पहुंचे संगीत प्रेमियों का हृदय से आभार प्रकट किया।

प्राथमिक विद्यालय की रसोइया के निधन पर शिक्षकों ने पौत्र को किया 36500 का सहयोग

अमन लेखनी समाचार ४



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर की रसोइया माता राजरानी जी का 13 अक्टूबर की रात में अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण देहांत हो गया। इस दुखद घटना से हम सभी स्तब्ध है।चूंकि रसोइया माता भी हमारे विद्यालय परिवार का एक महत्वपूर्ण अंग है।आज विद्यालय की दिवंगत रसोइया माता के परिवार जन में एक मात्र पौत्र आकाश को विद्यालय परिवार एवं विकास खंड सफीपुर के सभी शिक्षक, शिक्षामित्र,अनुदेशकों ने आर्थिक मदद की।जिसके क्रम में आज दिनांक 19 नवंबर को 33000 नकद एवं 3500 ऑनलाइन का सहयोग विकास खंड सफीपुर के सभी सम्मानित शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं न्याय पंचायत के शिक्षकों की उपस्थिति में प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर की दिवंगत रसोइया माता राजरानी जी के पौत्र आकाश को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशू विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश दिवेदी, आशुतोष श्रीवास्तव, तौशीफ अली खां, सूरज गुप्ता, संजय सिंह, रतन शुक्ला, अमित अवस्थी, प्रगति बाजपेयी, निधि वर्मा, तरन्नुम बानो, नसीम अंजुम, अमित कुमार पांडेय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी, रसोइया, कृष्णा देवी, राकेश कुमार उपस्थिति रहे। प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर के प्रधान शिक्षक सूरज गुप्ता ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया

सम्पादकीय

अंतरविरोधों के बीच कैसे बनेगी सहमति



कॉप-31

प्रमोद भार्गव

दुनिया की निगाहें तुर्किये के अंताल्या नगर में चल रहे जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, यानी कॉप-31 पर टिकी हैं। इसका मुख्य लक्ष्य पुराने जलवायु सम्मेलन के वादों को धरातल पर उतारना है। भारत जलवायु न्याय और विकासशील देशों के लिए वित्तीय मदद की पुरजोर पैरवी कर रहा है। करीब 200 देशों के इस सम्मेलन मे अमेरिका आधिकारिक रूप से अनुपस्थित है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लगातार दूसरी बार इस सम्मेलन में कोई प्रतिनिधि नहीं भेजा है। पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद से व्हाइट हाउस ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है,

वैश्विक राजनीति में तीन महाशक्तियों के शीर्ष नेताओं का एक मंच पर आना अपने आप में महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, लेकिन इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या गहरे मतभेदों और परस्पर विरोधी हितों के बीच कोई सहमति बन पाएगी? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चीन के शेनझेन में होने वाली त्रिपक्षीय बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। तीनों नेता एपेक समिट के स्वागत डिनर में एक साथ नजर आए। यह तस्वीर कूटनीतिक लिहाज से भले ही आकर्षक हो, लेकिन इसके पीछे मौजूद अंतरविरोधों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ईरान युद्ध, परमाणु हथियारों का खतरा, वैश्विक व्यापार, टैरिफ, तेल और सामरिक वर्चस्व जैसे मुद्दों पर तीनों देशों के हित एक-दूसरे से टकराते रहे हैं। ऐसे में बैठक की सफलता केवल आपसी गर्मजोशी से नहीं, बल्कि ठोस सहमति बनाने की क्षमता से तय होगी। इस मुलाकात के कूटनीतिक महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रोटोकॉल तोड़कर ट्रम्प का स्वागत करने खुद एयरपोर्ट पहुंचे। जिनपिंग का यह कदम महज औपचारिकता नहीं, बल्कि अमेरिका के साथ रिश्तों को महत्व देने का राजनीतिक संदेश भी है। इससे पहले सितंबर में अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प भी जिनपिंग के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। यानी दोनों देश कूटनीतिक शिष्टाचार के जरिए रिश्तों में गर्मजोशी दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, तकनीक पर नियंत्रण, ताइवान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव को लेकर गहरे मतभेद हैं। दूसरी ओर, रूस और अमेरिका के संबंध यूक्रेन युद्ध और प्रतिबंधों के कारण तनावपूर्ण रहे हैं। चीन और रूस की नजदीकी भी अमेरिकी रणनीतिक चिंताओं का विषय है। ऐसे में तीनों देशों के लिए एक साझा एजेंडे पर सहमत होना आसान नहीं होगा। ईरान युद्ध और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका ने इन चुनौतियों को और गंभीर बना दिया है। यदि दुनिया की तीन बड़ी ताकतें इन मुद्दों पर जिम्मेदार भूमिका निभाती हैं तो तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हो सकती है। इस बैठक के लिए शेनझेन का चयन भी प्रतीकात्मक महत्व रखता है। कभी मछुआरों का छोटा-सा गांव रहा यह शहर चीन के आर्थिक और तकनीकी सामर्थ्य का बड़ा केंद्र बन चुका है। जिनपिंग ने भी शेनझेन को चीन के पांच दशक के विकास का प्रतीक बताते हुए दुनिया को वहां आने का संदेश दिया। तीनों देशों के बीच सहमति बनने का असर केवल उनके आपसी संबंधों तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति, निवेश और सुरक्षा व्यवस्था भी इससे प्रभावित होगी। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए भी इन समीकरणों का विशेष महत्व है। दुनिया पहले ही युद्धों, आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से जूझ रही है। ऐसे में महाशक्तियों के बीच टकराव का खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। बहरहाल, कूटनीति में मुलाकातें संभावनाओं के दरवाजे खोलती हैं, लेकिन समाधान की गारंटी नहीं होती। ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग को समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन और एक-दूसरे को दबाने की रणनीति से स्थायी शांति संभव नहीं है। हाथ मिलाने और साथ बैठकर भोजन करने की तस्वीरें तभी सार्थक होंगी, जब बातचीत मतभेद कम करने और साझा समाधान तलाशने तक पहुंचेगी। असली चुनौती यही है कि अंतरविरोधों के बीच सहमति का रास्ता कैसे निकले।

वादे पूरे होने पर थमेगी तापमान में वृद्धि

धरती के तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम धरती पर खुले रूप में दिखाई दे रहे हैं। कहीं भीषण गर्मी तो कहीं खून जमा देने वाली ठंड आबादी को प्रभावित कर रही है। साथ ही, बाढ़, सूखा, चक्रवात, टूटते हिमनद, समुद्र का बढ़ता जलस्तर, वनों में आग और कम अवधि में आते भूकंप निरंतर प्रकृति के संतुलन को चुनौती देते हुए जनजीवन को झकझोर रहे हैं। कुछ माह पहले नेपाल और तिब्बत में हिमखंड टूटने से ही लोगों को भीषण जल आपदा का सामना करना पड़ा था। केदारनाथ आपदा भी हिमखंड टूटने का परिणाम थी। प्रकृति के ये संकेत बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण विज्ञानियों की चिंता का विषय नहीं रह गया है, अपितु यह मानव सभ्यता, आवास, रोजगार और खाद्य सुरक्षा के साथ विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को भी चुनौती दे रहा है। इन सवालों के साथ दुनिया की निगाहें तुर्किये के अंताल्या नगर में चल रहे जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, यानी कॉप-31 पर टिकी हैं। इसका मुख्य लक्ष्य पुराने जलवायु सम्मेलन के वादों को धरातल पर उतारना है। भारत जलवायु न्याय और विकासशील देशों के लिए वित्तीय मदद की पुरजोर पैरवी कर रहा है।

करीब 200 देशों के इस सम्मेलन में अमेरिका आधिकारिक रूप से अनुपस्थित है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लगातार दूसरी बार इस सम्मेलन में कोई प्रतिनिधि नहीं भेजा है। पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद से व्हाइट हाउस ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है, जिससे वह विकासशील देशों को किसी भी प्रकार की आर्थिक एवं तकनीकी मदद से बचा रहे। ऐसे में यहां बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि ग्रीनहाउस दुष्प्रभावों से लड़ने के लिए धन कहां से मिलेगा? हालांकि तुर्की मेजबान और अध्यक्षता के रूप में कार्य योजना का दायित्व संभाल रहा है और ऑस्ट्रेलिया वार्ता के साथ समझौते का प्रारूप तैयार करेगा। विकासशील देशों के लिए 2035 तक सालाना 300 अरब डॉलर जलवायु वित्त जुटाने का लक्ष्य रखा है। पेरिस समझौते से अमेरिका के हटने के बाद फैदा हुए आर्थिक अंतर की पूर्ति के लिए अन्य विकसित देशों पर भी दबाव बनाया जा रहा है। इस बार मुख्य एजेंडे में स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतिकरण के जरिए वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक लाना है। इस हेतु जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल और गैस) पर निर्भरता घटाने और परिवहन व उद्योगों में विद्युतिकरण बढ़ाने पर सहमति बनाई जा रही है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव बातचीत में प्रयास कर रहे हैं कि आर्थिक एवं तकनीकी रूप में समृद्ध संपन्न पश्चिमी यूरोप सम्मेलन में हुए वादों को पूरा करने की संयुक्त जिम्मेदारी उठाए। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को सस्ती एवं प्रभावी तकनीकें विकासशील देशों को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की शर्तों का पालन किए बिना मुफ्त में दें। इस ऊर्जा के भंडारण के उपायों से जुड़ी तकनीकें भी दें। जलवायु लक्ष्यों को साधना है तो ऐसा जरूरी है, क्योंकि भारत जैसे विकासशील देश ने सौर एवं पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता 164 गीगावाट करके बड़ी छलांग तो लगाई है, लेकिन भंडारण तकनीक के अभाव में 17-18 प्रतिशत ऊर्जा ही उपयोग में आ रही है।



ऐसे में भारत को कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन भी बड़ी मात्रा में करना पड़ रहा है। साफ है, अपनी जरूरतों की पूर्ति के लिए भारत जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन को पूरी तरह बंद नहीं कर सकता है।

अतएव भारत जैसे देशों को धन और प्रौद्योगिकी दोनों की जरूरत है? वैसे भी इस सम्मेलन में भारत और जर्मनी के पास 2035 तक स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ाने के लिए सम्मेलन में भागीदार देशों के बीच आम सहमति बनाए जाने की जिम्मेदारी है, जिससे तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक लाया जा सके। नवीनतम तकनीक से दक्ष निगरानी संचार उपग्रह ही मौसम के पूर्वानुमान, लगाकर प्राकृतिक आपदा किस भू-क्षेत्र में संभावित है, इसकी सूचना एवं भयावहता की चेतावनी दे सकते हैं। कृत्रिम बुद्धि आधारित ये संचार सूचनाएं यदि आपदा एवं मिल जाती हैं तो अत्यधिक बारिश, समुद्री चक्रवात, सौर तूफान और भू-गर्भीय हलचलों के परिणाम से निकले विस्फोटक भूकंपों से न केवल मानव आबादी बची रहेगी, बल्कि मानवों को सुरक्षित रखने वाले संसाधन भी सुरक्षित रहेंगे। अतएव कार्बन को अवशोषित, ग्रीन हाइड्रोजन, उन्नत इलेक्ट्रिक बैटरी और स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने की दक्षता से जुड़ी तकनीकें विकासशील देशों को निशुल्क देने की सुविधा पर आम सहमति बनती है तो दूषित कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पृथ्वी के बढ़ते तापमान को 1.5 डिग्री पर लाने के लक्ष्य को साधने की उम्मीद बढ़ जाएगी? जीवाश्म ईंधन के परिप्रेक्ष्य में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन पर आरोप लगाया था कि इन दोनों देशों ने विकसित देशों से अरबों डॉलर की मदद लेने की शर्त पर समझौते पर दस्तखत किए हैं।

लिहाजा यह समझौता अमेरिका के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाला है। वही नहीं, ट्रंप ने आगे कहा था कि भारत ने 2020 तक अपना कोयला उत्पादन दोगुना करने की अनुमति भी ले ली है। वहीं चीन ने कोयले से चलने वाले सैकड़ों बिजलीघर चालू करने की शर्त पर दस्तखत किए हैं। साफ है यह समझौता अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है। ट्रंप ने यहां तक कहा था कि संयुक्त राष्ट्र की 'हरित जलवायु निधि अमेरिका से धन हथियाने की साजिश है। तभी ट्रंप की इस सोच ने तय कर दिया था कि अमेरिका अब वैश्विक समस्याओं के प्रति उदार रुख नहीं अपनाएगा। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को करारा जवाब देते हुए कहा था कि 'भारत प्राचीनकाल से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाता चला आ रहा है। हमारे 5000 साल पुराने शास्त्र पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहे हैं। हम 40 करोड़ एलईडी बल्ब घर-घर पहुंचाकर हजारों मेगावाट बिजली बचाकर कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने में लगे हैं।' यहां यह स्पष्ट करना मुनासिब होगा कि पेरिस समझौते के बाद 2015 में भारत को हरित जलवायु निधि से कुल 19000 करोड़ रुपये की मदद मिली थी।

इसमें अमेरिका का हिस्सा महज 600 करोड़ रुपये था। ऐसे में ट्रंप का यह दावा नितांत खोखला था कि भारत को इस निधि से अमेरिका के जरिए बड़ी मदद मिल रही है। साफ है कि ट्रंप के इस पर्यावरण संरक्षण विरोधी मानसिकता के जवाब में ही वित्तीय अंतर को भरने के लिए इस सम्मेलन में विकासशील देश अन्य विकसित देशों से धन एवं तकनीक की मदद दिए जाने की उम्मीद कर रहे हैं। क्योंकि जलवायु परिवर्तन के लिए दोषी तो औद्योगिक और प्रौद्योगिकी उत्पादन करने वाले अमेरिका जैसे विकसित देश हैं, किंतु इसका नुकसान बढ़ते तापमान के चलते नेपाल जैसे छोटे देश उठाने को मजबूर हो रहे हैं। इसीलिए नेपाल में जब बाढ़ के रूप में भीषण प्राकृतिक आपदा आई थी, तब नेपाल ने इस जलवायु आपदा में हुए नुकसान की पूर्ति की मांग भी विकसित देशों से की थी।

मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा



मृत्युदंड की सजा - स्पष्ट दृष्टिकोण भारत का अधिकार

भारत में ही नहीं, पूरे दुनिया में किसी बर्बर अपराध को अंजाम देने वाला अपराधी बच निकलने के बाद फिर अपराध करने से नहीं चूकता। हमारे देश में तो ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं। सामूहिक बलात्कार, निर्मम हत्या, आतंकी गतिविधियों तक में यह लिप्तता देखने को मिली है। यही वजह है कि समाज का बड़ा एक वर्ग जघन्य और अत्यंत क्रूर अपराधों में कठोरतम सजा देने को सही ठहराता है। कठोर दंड को सामाजिक परिवेश में न्याय की भावना और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए आवश्यक मानता है। विशेषकर निर्मम अपराधों के मामलों में पीड़ित परिवार यह महसूस करते हैं कि जीवनभर की सजा पर्याप्त बजाय मृत्युदंड मिलना ही सही न्याय है। हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हमारे देश का मृत्युदंड पर रोक लगाने से जुड़े मसौदा प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान करना बर्बर मानसिकता के प्रति स्पष्ट रुख रखने की बानगी बना। समाज-परिवार और देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों में अपनी संप्रभु सोच को स्पष्ट किया। असल में इस प्रस्ताव में मृत्युदंड दिए जाने पर चिंता जताते हुए कहा गया था कि अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप अपनी न्याय व्यवस्था विकसित करने और उचित कानूनी दंड तय करने का अधिकार सभी देशों को है। ऐसे में हमारे देश ने गंभीरतम अपराधों के लिए मृत्युदंड का विकल्प बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने इस मोर्चे पर अपनी बात स्पष्टता से रखी है। वर्ष 2016, 2018 और 2024 में भी दुनियाभर में फांसी की सजा पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के विरुद्ध ही मतदान किया था। भारत, ठोस तर्कों के साथ देश की कानूनी व्यवस्था के अनुसार इस मसौदे के खिलाफ अपनी रखता आया है। इस बार मेक्सिको की ओर से पेश किया गया यह प्रस्ताव सभी देशों से मृत्युदंड को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध लिए था। इसमें जिन देशों ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया है, उनसे इसे दोबारा लागू नहीं करने की अपील भी शामिल थी। गौरतलब है कि 193 सदस्य देशों में से 133 ने इस प्रस्ताव समर्थन किया है। वहीं, 33 देशों ने इसके खिलाफ अपनी वोट किया। 16 देश संयुक्त राष्ट्र महासभा में आए इस प्रस्ताव के मतदान से अनुपस्थित रहे। वस्तुतः हर देश की अपनी एक न्यायिक प्रक्रिया होती है। आपराधिक मामलों की जांच और सजा के नियम कायदे होते हैं। देश में बढ़ रहे बर्बर अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि सजा देने के मामले में सख्ती अवश्यक है। बावजूद इसके हमारे देश में केवल दुर्लभतम मामलों में ही फांसी की सजा सुनाई जाती है। ऐसे में अपने देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और संप्रभु अधिकारों के प्रति समझौता नहीं किया जा सकता। इसी के चलते मृत्युदंड की सजा के विरुद्ध पूरी दुनिया में कोई आम सहमति बनना खासी मुश्किल है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी इस पर चिंता जताई गई कि मृत्युदंड देने के विचार को सीमित करने के प्रयासों को बल देने के बावजूद 2025 में फांसी दिए जाने के दर्ज मामले बढ़े हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल दुनिया के 17 देशों में करीब 2,707 लोगों को डेथ पैनल्टी की सजा दी गई। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर सभी देशों को साथ लाने की कोशिशें की जा रही हैं। समझना जरूरी है कि अमानवीय अपराध के लिए दी गई कठोर सजा को केवल अपराधी के मानवाधिकारों से जोड़ना उचित नहीं। इस आपराधिक प्रवृत्ति के शिकार हुए लोगों और उनके परिवारों के मानवाधिकारों को लेकर सोचना भी जरूरी है। साथ ही यह समाज के हर नागरिक एक मन में एक भरोसा पोसने से जुड़ा मामला भी है। यही वजह है कि हमारे देश में खासे संगीन अपराधों के लिए यह सर्वोच्च कानूनी सजा देने का प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय के कई ऐतिहासिक फैसले बताते हैं कि मृत्युदंड अत्यंत क्रूर अपराध और सुधार या पुनर्वास की कोई संभावना न बचने की स्थिति में ही दिया जाता है। देश में आखिरी बार सिलहड़ जेल में 20 मार्च 2020 को फांसी दी गई थी। 2012 के दिल्ली सामूहिक बलात्कार और हत्याकांड के दोषियों को मृत्युदंड दिया गया था। अमानवीय, क्रूर और निर्ममता की सारी सीमाएं पार करने वाली सामूहिक दुष्कर्म की इस घटना ने आमजन को भीतर तक झकझोर दिया था।

सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित

दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं।

पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए, वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा बस तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन स्वार्थ में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

अंतर्मन



आज की पाती

नदियों को प्रदूषित करने पर सख्त कार्रवाई जरूरी

आजकल नदियों में प्रदूषण बढ़ने की खबर सुर्खियों में है। रायपुर और इसके साथ लगते क्षेत्रों में नदी की नदियां बह रही हैं, उनमें पानी की गुणवत्ता बहुत खराब हो गई है। इसके लिए अदालत ने भी कड़ा है कि करोड़ों रुपए इसकी सफाई पर खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन फिर भी इनमें प्रदूषण बढ़ रहा है। कोर्ट ने कहा है कि इसके लिए प्रदूषण के जिम्मेदार लोगों पर जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी इसकी वसूली की जाएगी। वास्तव में सरकार और संबंधित विभाग नदियों की सफाई के प्रति कुछ ज्यादा ही गंभीर नजर आ रहे हैं। तभी तो कुछ समय बीतने के बाद ही ये प्रदूषित हो जाती हैं। नदियों को प्रदूषित करने पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। - रजनीश पटेल, दुर्ग

ट्रेंड

बेहतरीन तालमेल



कुलगाम से त्राल के पार्क से लौटते आतिशे जीवन खतरनाक आतंकवादी, लश्कर का ए तय्यबा कमांडर उसैर खान खटाना, कुलगाम से ही आसिफ डार खाड़ी अलशबाती, उबेर निसार वानी और जहिद अहमद वटाली मुठभेड़ में मारे गए। इस पूरे ऑपरेशन में बेहतरीन तालमेल देखने को मिला।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

स्केटर सृष्टि को बधाई



सतारा की युवा स्केटर सृष्टि डांगे ने सिर्फ सोलह से 50 सेकंड की दूरी सिर्फ 6.86 सेकंड में तय करके एक बिग रिकॉर्ड बनाया है। इनें सृष्टि के धैर्य और दृढ़ता पर गर्व है। सृष्टि को हार्दिक बधाई!

- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

अनुशासनहीनता अस्वीकार्य



पुलिस की वर्दी में अनुशासनहीनता और व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। पुलिस बल में अनुशासन, नम्रता और ईमानदारी अनिवार्य है। 6 पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए हैं। - डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

मोदी का वादा



मोदी जी ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि आम आदमी की थाली खाली होती जा रही है, जेब खाली हो रही है, और घर का खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। 2014 में महंगाई कम करने का वादा, 2026 में लोगों की जेबों पर डाका।

- अखिलेश यादव, अध्यक्ष, सपा

करंट अफेयर

कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'ह्यूमन' को चुना वर्ष 2026 का शब्द

कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच 'कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'ह्यूमन' डिक्शनरी' ने 2026 के उस शब्द के चयन के लिए 15वीं सदी की ओर रुख किया है, जो मौजूदा सांस्कृतिक और सामाजिक माहौल को सबसे बेहतर ढंग से बयां करता है। डिक्शनरी ने 'ह्यूमन' (मानव) को 2026 का शब्द चुना है। यह चयन केवल अतीत की ओर लौटने का संकेत नहीं है, बल्कि एआई के कारण मशीनों और इंसानों के बीच धुंधली होती सीमाओं को लेकर चल रही बहस का भी प्रतिबिंब है। डिक्शनरी के शब्दकोश विशेषज्ञ कॉलिनमैकिंटोश ने कहा, ''एआई हमारे मानव होने के अर्थ को लेकर बातचीत का तरीका बदल रहा है।



ऑफ बीट

अंटार्कटिका में जूतों के निशान भी पहुंचा सकते हैं नुकसान

जंगली और प्राकृतिक क्षेत्रों में घूमने जाने वाले लोगों को आमतौर पर सलाह दी जाती है कि वे वहां केवल अपने पैरों के निशान छोड़कर आएं। हालांकि, एक नए अध्ययन में सामने आया है कि अंटार्कटिका में पैरों के निशान भी दुर्लभ पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उनमें ऐसे बदलाव ला सकते हैं, जिनकी भरपाई संभव नहीं है। अंटार्कटिका में दुनिया के कुछ सबसे दुर्लभ और महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद हैं। इनमें मैकमुर्डो ड्राई वैलीज की विशाल बर्फ-मुक्त भूमि की स्थायी रूप से जमी मिट्टी भी शामिल है। यह पृथ्वी के सबसे शुष्क रेगिस्तानी क्षेत्रों में से एक है।



संक्षेप

पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को तैनाती मिली

डीएम के अनुमोदन पर अधिकारियों को ब्लॉक और अतिरिक्त प्रभार दिया गया

अमेठी , दूसरे जिलों से ट्रांसफर होकर आए पांच खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लॉक और अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डीएम शशांक चौधरी ने तैनाती को मंजूरी दी। आराधना अवस्थी को तिलोई का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उन्हें बहादुरपुर और सिंहपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। विपुल कुमार उपाध्याय को अमेठी का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उन्हें भादर और संग्रामपुर की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। शिव शंकर मिश्र को मुसाफिरखाना का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उन्हें शुकुलबाजार और भेटुआ का अतिरिक्त प्रभार मिला है। राजीव कुमार ओझा को गौरीगंज का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उन्हें शाहगढ़ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। महेंद्र कुमार को जगदीशपुर का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है और जामो का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इन अधिकारियों की तैनाती से जिले के खाली ब्लॉकों में शिक्षा अधिकारियों की कमी दूर होगी। अब सभी ब्लॉकों में शिक्षा व्यवस्था की नियमित निगरानी हो सकेगी।स्कूलों का निरीक्षण, शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की पढ़ाई और मिशन कायाकल्प के कामों पर ध्यान दिया जाएगा।जिला प्रशासन के मुताबिक, डीएम शशांक चौधरी ने अधिकारियों को अपने ब्लॉक के स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उनसे बच्चों के नामांकन और स्कूल में उनकी उपस्थिति पर ध्यान देने को भी कहा गया है।उन्हें सरकार की शिक्षा योजनाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नई तैनाती से परिषदीय स्कूलों में अनुशासन और पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा।

पुलिसकर्मियों की तैनाती बदली

दो थानों के प्रभारी बदले, संजय सिंह जायस और अमरेंद्र सिंह संग्रामपुर के नए प्रभारी बने

अमेठी , एसपी सरवणन टी ने पुलिसकर्मियों की तैनाती में बदलाव किया है। पुलिस लाइन से कई पुलिसकर्मियों को थानों में भेजा गया है। दो थानों के प्रभारी भी बदले गए हैं। संग्रामपुर के थाना प्रभारी संजय सिंह को जायस का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। जायस के थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह अब संग्रामपुर के प्रभारी होंगे। साइबर क्राइम थाने में तैनात किया उप निरीक्षक अतेंद्र प्रकाश सिंह को इन्हौना से कमरौली भेजा गया है। शिव गोपाल को पुलिस लाइन से भाले सुलतान और विनीत कुमार वर्मा को पुलिस लाइन से साइबर क्राइम थाने में तैनात किया गया है। राम कृपाल मिश्र और रवि शरण को पुलिस लाइन से जामो भेजा गया है। राकेश कुमार को पुलिस लाइन से अमेठी, धीरेंद्र सिंह चौहान को रामगंज और राजकुमार को मोहनगंज भेजा गया है। गौरीगंज से फुरसतगंज भेजा गया संध्या सिंह को पुलिस लाइन से मुसाफिरखाना और आलोक कुमार यादव को पुलिस लाइन से गौरीगंज चौकी प्रभारी बनाया गया है। राम किशोर को गौरीगंज से फुरसतगंज भेजा गया है।

50 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को कैसरगंज पुलिस ने लखनऊ से किया गिरफ्तार

एसटीएफ प्रयागराज और कैसरगंज पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता, अस्पताल परिसर से पकड़ा गया आरोपी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज पुलिस और एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी 18 नवंबर को ठाकुरगंज स्थित कमांड हॉस्पिटल परिसर के साइकिल स्टैंड के पास से की गई।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाबा उर्फ प्रताप गोसाईं पुत्र स्वर्गीय श्रीराम गोसाईं निवासी ग्राम कुम्भौर, थाना करनैलगंज, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में न्यू कुमार पुरम, राजाजीपुरम, थाना पारा, जनपद लखनऊ में रह रहा था। बताया गया कि कैसरगंज थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 98/2026 के तहत धारा 304(2), 309(4), 317(2) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में आरोपी वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कैसरगंज की अगुवाई में टीम गठित की गई थी। 18 नवंबर को एसटीएफ प्रयागराज से मिली मुखबिर की सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित कमांड हॉस्पिटल परिसर में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद कैसरगंज पुलिस ने आरोपी का नियमानुसार मेडिकल परीक्षण कराया और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा ग्राम सोहानी में पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच।59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के सीमा चौकी बलाईगाँव के अंतर्गत ग्राम सोहानी बलाईगाँव में बीते 19 नवम्बर को डॉ. ललित देऊरी, कमांडेंट (पशु चिकित्सा), सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ द्वारा पशु चिकित्सा शिविर (वीसीए) का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान कुल 56 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया तथा कुल 394 पशुओं का उपचार किया गया। शिविर के माध्यम से स्थानीय पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य एवं उचित देखभाल के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पशुपालन से संबंधित आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों एवं पशुपालकों को आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराकर उनके कल्याण में सहयोग प्रदान करना था। सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के कल्याण एवं विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।

एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक आर.पी. सिंह ने बाबागंज क्षेत्र के विद्यालयों का किया भ्रमण, विद्यार्थियों को दिया उच्च शिक्षा का संदेश

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट लखनऊ के मैनेजिंग डायरेक्टर आर.पी. सिंह ने गुरुवार को बाबागंज क्षेत्र के कई विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रबंधकों से मुलाकात कर शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य का सबसे मजबूत आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने तथा उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारे संस्थान में सभी कोर्स उपलब्ध हैं आप लोग कभी भी हमसे संपर्क कर आ सकते हैं उनके बाबागंज क्षेत्र के विद्यालयों में भ्रमण को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

भगहर नदी के कटान के पास तेंदुए का हमला, 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

आर एन तिवारी



शिवपुर, बहराइच। तेंदुए के हमले में 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से हुआ घायल, खेत की ओर गया था मासूम अंबर, ग्रामीणों ने तत्परता दिखाकर पहुंचाया अस्पताल; जिला अस्पताल में चल रहा उपचार।

जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में तेंदुए के हमले से एक 10 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार, गडरियन पुरवा दाखिला बलदूं पुरवा निवासी गोदाई के पुत्र अंबर (10) गांव के बाहर खेत की तरफ गया था। इसी दौरान भगहर नदी के कटान के पास घात लगाए बैठे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया।

बालक की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए उसे तेंदुए के चंगुल से बचाकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही खैरीघाट पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। वन विभाग को भी घटना से अवगत करा दिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बेलहा बहरौली तटबंध पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो को आई चोटें, इलाज जारी।



अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। खबर है कि जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहा बहरौली तटबंध पर बागेश्वर मंदिर के पास गुरुवार शाम करीब 4 बजे दो बाइकों में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में शिवपुर बाजार निवासी प्रभा शंकर गुप्ता और उनके साथी धरम चंद गुप्ता घायल हो गए। स्थानीय लोग ई रिक्शा से दोनों घायलों को सीएचसी शिवपुर लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। प्रभा शंकर गुप्ता के हाथ और पैर में गंभीर चोट लगने के कारण मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। फिलहाल परिजन के द्वारा पुलिस को खबर लिखे जाने तक सूचना नहीं दी गई है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर हमले के चार आरोपी गिरफ्तार

मेडिकल कराकर लौटते समय हुआ था हमला, गाड़ी में तोड़फोड़

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर हमला करने और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

बाजार जाते समय किया हमला

मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के किटियावा गांव का है। बुधवार दोपहर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। इसके बाद विजय सिंह थाने पहुंचे और नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने उन्हें मेडिकल जांच के लिए शाहगढ़ भेजा।

मेडिकल के बाद लौटते समय फिर हमला

मेडिकल कराने के बाद विजय सिंह घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन पर दोबारा हमला किया गया।

जान बचाने के लिए वह पड़ोस के गांव के प्रधान के घर चले गए। आरोप है कि वहां भी हमलावरों ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की।

चार आरोपी गिरफ्तार, फरार की तलाश जारी

पुलिस ने मामले में सौरभ सिंह, वैभव सिंह, सचिन यादव और आशीष यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सौरभ, वैभव और आशीष के खिलाफ पहले भी आपराधिक केस दर्ज हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं।

कैसरगंज में भीषण सड़क हादसा

रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, पीछे से कार भी टकराई, तीन चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे कैसरगंज क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रोडवेज बस और ट्रक के बीच आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के दौरान पीछे से आ रही आई-10 कार भी रोडवेज बस से टकरा गई। दुर्घटना में तीनों वाहनों के चालक घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस संख्या UP 78 KN 0437, जिसे मोहम्मद सलमान निवासी फखरपुर चला रहे थे, की ट्रक संख्या वढ 32 ठ 0311 से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में रोडवेज बस चालक मोहम्मद सलमान और ट्रक चालक को चोटें आईं। इसी बीच पीछे से आ रही आई-10 कार संख्या वढ 40 इट 1323 भी बस से टकरा गई। कार चालक फखरुद्दीन निवासी फखरपुर को भी हल्की चोटें आईं। सूचना मिलते ही घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। दुर्घटना के बाद यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा गया।



निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर में मरीजों को मिला आयुर्वेदिक उपचार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सबलापुर स्थित डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में गुरुवार को निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति पंचकर्म के माध्यम से गठिया, जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों में दर्द सहित विभिन्न शारीरिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को पंचकर्म चिकित्सा का लाभ देने के साथ निःशुल्क औषधियां भी वितरित कीं। शिविर में बीएएमएस के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की और चिकित्सकों के मार्गदर्शन में चिकित्सा संबंधी गतिविधियों में अपना योगदान दिया। इससे विद्यार्थियों को पंचकर्म चिकित्सा पद्धति की व्यावहारिक जानकारी और अनुभव प्राप्त हुआ। संस्थान के चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ने शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्राचार्य डा. सतीश चंद्र तिवारी, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा. पवन वर्मा, डा. उमेश नारायण मिश्र, डा. संदीप वर्मा, डा. इरफान कुरैशी, डा. मनीष शुक्ला, डा. निधि पोरवाल, डा. शालू, डा. निधि, सीएल वर्मा, ऋषभ, पीआरओ गौरव पांडेय समेत अन्य मौजूद रहे।

भाजपा नेता की पिटाई के मुकदमे में वापसी अर्जी

विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत 10 आरोपी; दीपक सिंह के वकील करेंगे विरोध, 5 दिसंबर को सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , गौरीगंज थाना परिसर में भाजपा नेता दीपक सिंह की पिटाई के मामले में मुकदमा वापस लेने की अर्जी दाखिल की गई है। शासन के निर्देश पर विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र ने यह अर्जी दी है। दीपक सिंह के वकील संतोष पांडेय इसका विरोध करेंगे। एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अर्जी पर सुनवाई के लिए 5 दिसंबर की तारीख तय की है। इस मुकदमे में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत 10 आरोपी हैं। मामला 10 मई 2023 का है। अमेठी जिले के गौरीगंज में नगर पालिका अध्यक्ष पद की तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी रश्मि सिंह के पति दीपक सिंह पर थाना परिसर में हमला हुआ था।दीपक सिंह ने विधायक राकेश प्रताप सिंह समेत कई लोगों के खिलाफ गौरीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विधायक समेत 10 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है।

ट्रैक्टर और बाइकों की भिड़ंत:2 युवकों की मौत, 2 गंभीर

मनगढ़ दर्शन कर धीरेंद्र शास्त्री की कथा में जाना था, रास्ते में हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के मीरापुर चौराहे के पास गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बर्तनों से लदे एक ट्रैक्टर और दो बाइकों की जोरदार टक्कर में 2 युवकों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 2 अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है मनगढ़ मंदिर में दर्शन कर कथा सुनने जा रहे थे युवक उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे खानीपुर (खानपुर) गांव के रहने वाले आकाश सरोज पुत्र किशन सरोज, अमरेश सरोज पुत्र शिवराज, शैलेंद्र पुत्र संतलाल और आकाश पुत्र वीरेंद्र दो बाइकों से कुंडा में श्रीराम कथा सुनने जा रहे थे। इसी दौरान मीरापुर चौराहे के पास बर्तनों से लदे एक ट्रैक्टर ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी।

दो युवकों की मौत, दो की हालत नाजुक

हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शैलेंद्र पुत्र संतलाल (22) और आकाश पुत्र वीरेंद्र (23) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, आकाश सरोज पुत्र किशन सरोज (23) और अमरेश सरोज पुत्र शिवराज (21) गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।हादसे के वक्त साथ चल रहे प्रत्यक्षदर्शी अभिषेक ने बताया, मैं गौरीगंज का रहने वाला हूं। बाइक सवार चारों युवक उदयपुर के खानीपुर गांव के हैं ।और रिश्ते में मेरे मामा के लड़के हैं।

अखिलेश गुंडागर्दी करने वालों की पार्टी के सरदार :केशव

राम कथा के तीसरे दिन प्रतापगढ़ पहुंचे, कहा- अयोध्या न जाएं सपा प्रमुख, भक्त गुस्सा हैं

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , बेंती में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा का आज आखिरी दिन है। गुरुवार को रामकथा में डिप्टी उट केशव प्रसाद मौर्य समेत कई नेता पहुंचे।डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कथा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कथा में उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि यह कथा नहीं, बल्कि श्रीराम महाकुंभ है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए केशव मौर्य ने कहा-

अखिलेश यादव जी गुंडागर्दी करने वाले, अपराध करने वाले, दंगा करने वाले, लोगों को कुचल देने वालों की पार्टी के सरदार हैं। उन्होंने खुद जाकर ट्रेलर दिखा दिया है कि सपा को वोट दोगे, तो यूपी के लोगों तुमको ऐसे ही कुचल दिया जाएगा।केशव मौर्य ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा- अयोध्या मत जाइए, रामभक्त गुस्से में हैं। मथुरा जाकर ईदगाह पर भगवान कृष्ण का मंदिर बनें। इसकी अगुवाई करिए।

पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं का स्वागत करेंगे

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आयोजन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कथा में उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि यह कथा नहीं, बल्कि श्रीराम महाकुंभ है। उन्होंने राजा भैया को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। कहा कि सनातन को ताकत देने के लिए ऐसे आयोजनों की जरूरत है। यह आयोजन संपन्न हुआ, हम सभी को इस पर गर्व है।

पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं का स्वागत करेंगे।

'अगर मुस्लिम घुसपैठिए आएंगे तो उन्हें बाहर कर देंगे' केशव मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को अलग देश बनवा दिया, लेकिन वहां रहने वाले हिंदुओं की कभी चिंता नहीं की। आज जो लोग पाकिस्तान छोड़कर भारत आ रहे हैं, उनका हम स्वागत करते हैं। हिंदू, सिख और बौद्ध समुदाय के लोगों का भारत में स्वागत है। उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम घुसपैठिए आएंगे तो उन्हें देश से बाहर करेंगे या पकड़कर बंद कर देंगे।

'कथाओं को राजनीतिक मंच बताना विपक्ष का नेत्र दोष'

कथा के जरिए राजनीतिक लाभ लेने के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्होंने भी कथा कराई है।

रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर श्रोतागण हुए भाव विभोर

कृष्ण सुदामा की कथा सुन करुणामय हुए जन-जन की नैन

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर , जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत चांदपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर मंच पर विराजमान कथा व्यास करुणेश जी महाराज ने अनेक प्रसंगों को सुनाते हुए रुक्मणी विवाह का चरित्र विस्तृत रूप से भक्तों को श्रवण कराया जहां विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मणी का विवाह भाई रुक्मी अपने मित्र शिशुपाल के साथ करना चाहता था वही रुक्मणी भगवान श्री कृष्ण को अपना पति बाल्यावस्था से ही स्वीकार कर चुकी थी ब्राह्मण द्वारा पीत पत्रिका द्वारिका भेजी गई जहां पत्र स्वीकार करते हुए भगवान कृष्ण विदर्भ देश पहुंचे तथा गौरी पूजन करने गई रुक्मणी का हरण कर द्वारिका ले आए रुक्मणी विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ गीत संगीत की धुन में सभी भक्तगण नृत्य करते नजर आए वहीं देर शाम इतिहास के पन्नों पर मित्रता के रूप में विख्यात भगवान श्री कृष्ण तथा सुदामा की कथा को सुनकर भक्तगणों में अश्रु धारा बहने लगी कथा व्यास ने बताया कि बाल्यावस्था में भगवान कृष्ण तथा सुदामा ऋषि संदीपन के आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते थे जहां जंगल में लकड़ी लेने गए सुदामा ने अपने मित्र कृष्णा के हिस्सा के चने ग्रहण किया जिसके फल स्वरुप ऋषि संदीपन ने दरिद्र होने का श्राप दिया पूरे जीवन काल सुदामा जी ने दरिद्रता तथा गरीबी झेलते हुए भगवान श्री कृष्णा का चिंतन मनन किया वहीं पत्नी सुशीला के बार-बार कहने पर द्वारिका पहुंचे जहां मित्र द्वारकाधीश महाराज श्री कृष्ण से भेंट हुई भगवान श्री कृष्ण ने मित्र ब्राह्मण सुदामा के चरण धोने के लिए जल मंगाया परंतु पैरों की फटी बिवाई लगे कंटकों को देखकर भगवान की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी उन्ही आंसुओं से सुदामा जी के चरण धुल गए मार्मिक करूणमयी कथा को सुनकर सभी श्रोताओं में भी अश्रु धारा बहने लगी कथा में पहुंचे परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा के शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने कथा व्यास करुणेश जी महाराज को अंग वस्त्र से सुशोभित कर आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं देर शाम कथा विराम होने पर प्रमुख परीक्षित कृष्णा देवी एवं सरजू प्रसाद पाण्डेय प्रियंका प्रमोद पाण्डेय समेत ग्रामीण दिनेश दीक्षित धुन्नी सिंह गौर जनसेवक मोहित त्रिपाठी सुरभी महेश दीक्षा रोहित त्रिपाठी समेत भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तगणों ने महा आरती करते हुए महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि कल 21 नवंबर को विशाल गया भोज आयोजित होगा इसमें क्षेत्र के हजारों भक्तगण पहुंच कर महाप्रसाद को ग्रहण करेंगे

प्राइवेट क्लीनिक में बच्चे को मौत के घाट उतारने वाला झोलाछाप डॉक्टर हुआ गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयीपुर कस्बे में एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाकर 9 वर्षीय बच्चे को मौत के घाट उतार दिया था परिजनों की तहरीर के आधार पर प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की परंतु आरोपी फरार हो गया डेढ़ महीने तक लगातार फरार रहने वाले निजी क्लीनिक को संचालित करने वाले डॉक्टर मनोज को प्रशासन ने गिरफ्तार किया थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी संदीप निषाद द्वारा लगाए गए आरोप के उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर प्रशासन ने जेल भेज दिया

संक्षेप

पैसों के विवाद में 2 युवकों में मारपीट

छेड़छाड़ की अफवाह पर जुटी भीड़, एक युवक गिरफ्तार, दूसरा फरार; पुलिस बोली- छेड़छाड़ नहीं हुई

बागपत ,शहर कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में शाम करीब 5:30 बजे पैसों के विवाद में दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान एक युवक ने दूसरे पर हमला करने की कोशिश की। पास में मौजूद एक नाबालिग बच्ची ने यह देखकर शोर मचा दिया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों के बीच छेड़छाड़ की सूचना फैल गई। भीड़ ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। छेड़छाड़ की सूचना पर जुटे लोग पुलिस के मुताबिक, दोनों युवकों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान मारपीट शुरू हो गई। एक युवक को हमला करते देख पास मौजूद नाबालिग बच्ची ने शोर मचाया। इसके बाद मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों के बीच छेड़छाड़ की सूचना फैलने पर एक युवक को पकड़ लिया गया। पुलिस ने छेड़छाड़ की घटना से किया इनकारचौकी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि दो युवकों के बीच मारपीट हुई थी। छेड़छाड़ की कोई घटना नहीं हुई है। एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दूसरे की तलाश की जा रही है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस पर फायरिंग के आरोपी को सजा

कोर्ट ने अब्दुल को 3 साल 14 दिन की जेल और 5 हजार रुपए जुर्माना सुनाया

बागपत , पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी अब्दुल को 3 साल 14 दिन की जेल और 5 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। पुलिस और अभियोजन विभाग की पैरवी के बाद यह फैसला आया। जानकारी के मुताबिक, अब्दुल पुत्र भूरे ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की थी। वह मेरठ का रहने वाला है। घटना करीब 3 साल पहले हुई थी। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाह और घटना से जुड़े सबूत पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अब्दुल को दोषी ठहराया। एडीजीसी गगन गौड़ ने बताया कि गवाहों की गवाही और सबूतों के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई गई।

पांच लाख की ठगी के पीड़ित ने निष्पक्ष जांच मांगी

बागपत में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे

बागपत। बड़ौत कस्बे में पांच लाख रुपये की ठगी के मामले में पुलिस की विवेचना पर सवाल उठाते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जिला बार एसोसिएशन बागपत के जिला अध्यक्ष सुभाष तोमर, महामंत्री अजीत सिंह और अन्य अधिवक्ताओं के साथ पीड़ित निखिल मान पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की दोबारा निष्पक्ष विवेचना कराने और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।पीड़ित निखिल मान के अनुसार, बड़ौत कस्बे के विशाल दुपट्टा, कोताना रोड निवासी अरुण जैन ने उससे पांच लाख रुपये लिए थे।

क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर मौजूद लोगों ने अवैध जन्मदाता को धिक्कारा

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे के मोहल्ला तेजा नगर मुख्य मार्ग हाईवे के किनारे खंती में खड़े एक बबूल के पेड़ पर पॉलिथीन में भरा लगभग 7 माह का बच्चा लटकता मिला आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस प्रशासन को सूचना दिया वही इस अज्ञात बालक के होने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है प्रशासन ने तत्काल पहुंचकर पन्नी से निकालकर बच्चे को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद भेजा जहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर बच्चे को मृत घोषित कर दिया वही इस घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों पर गहरा आक्रोश दिखाई दिया मौजूद लोगों ने नवजात के जन्मदाता को जमकर धिक्कारा वही अज्ञात शिशु के मिलने की चर्चा समूचे क्षेत्र में फैल गई

ससुराली जनों से पीड़ित होकर महिला ने दर्ज कराया पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बहरौली निवासिनी महिला अंजली पुत्री दिलीप साहू ने विवाह के डेढ़ वर्ष बाद ससुराली जनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया मिली जानकारी के अनुसार महिला का विवाह विगत वर्ष 2025 में 24 फरवरी को कानपुर महानगर के मसवानपुर शिवनगर नई बस्ती रावतपुर में युवक अनुपम पुत्र राम शंकर के साथ हुआ था विवाह के अवसर पर पिता दिलीप ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार हिंदू रीति रिवाज से विवाह करते हुए दान दहेज मोटरसाइकिल जेवरात समेत लगभग 15 लाख रुपए का उपहार व नगदी भेंट किया था वही विवाह के पश्चात कुछ ही दिनों में ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में चार पहिया गाड़ी तथा 5 लाख रुपए की मांग करने लगे बेटी पर दबाव बनाया जहां बेटी ने अपने मायके में कहने से इनकार किया तो ससुराल पक्ष के पति समेत परिवार के अन्य सदस्य ससुर राम शंकर सास सरोज देवर ऋषभ तथा कृष्णा ने जमकर मारपीट की बेटी ने अपना दुख दर्द जाकर मायके में बताया तथा नजदीकी थाना कोतवाली बिंदकी में लिखित प्रार्थना पत्र देकर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया जानकारी लेने पर प्रशासन ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए पति समेत अन्य चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जांच प्रारंभ की गई है

छात्राओं को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव व उपचार के बारे में किया जागरूक

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ग्राम सरूपा, राया में पोस्टर प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, 20 नवम्बर। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ग्राम सरूपा, विकासखंड राया में बृहस्पतिवार को छात्राओं को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव, उपचार और ओआरएस व जिंक की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके लिए ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के तहत पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केन्वयू के सहयोग से पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी । प्रतियोगिता में विद्यालय की 56 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-आठ की यति ने प्रथम, कक्षा-आठ की खुशी ने द्वितीय और कक्षा आठ की ही तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इसके साथ ही कक्षा-आठ की गुंजन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम की डा. भावना एवं राजकुमार ने बालिकाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताया। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से डायरिया से बचाव के जरूरी संदेश दिए गए और टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाने के बारे में भी बताया गया । छात्राओं को बताया गया कि डायरिया (दस्त) से बचाव के लिए स्वच्छता और खानपान का खास ख्याल रखना जरूरी है । हाथों की स्वच्छता का पूरा ख्याल रखें और हमेशा स्वच्छ जल ही पियें और ताजा ढका हुआ भोजन ही खाएं। ओआरएस घोल का सेवन निर्जलीकरण (शरीर में पानी की कमी) को रोकता है जबकि रोटावायरस टीकाकरण बच्चों को डायरिया से बचाता है। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें इस मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों से डायरिया के बारे में जरूरी सवाल पूछकर सही उत्तर देने वालों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य हरप्यारी द्वारा सभी को बेहतर स्वास्थ्य से होने वाले फायदे और साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएसआई इंडिया की तरफ से अजय कुमार और चोब सिंह सहित विद्यालय की तृप्ति, मीनाक्षी, धर्मेश एवं सुनीता का विशेष सहयोग रहा।

फैक्ट्री से 1600 किलो हरी-लाल चटनी सीज

खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी में एक्सपायर्ड उत्पाद भी जब्त किए, 9 नमूने जांच के लिए भेजे

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , पांडव नगर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यशा फूड प्रोडक्ट्स फैक्ट्री पर छापेमारी की। टीम ने करीब 1600 किलो खाद्य सामग्री सीज की। इसकी अनुमानित कीमत 3 लाख 54 हजार रुपये बताई गई है। करीब 3 लाख रुपये कीमत के एक्सपायर्ड उत्पाद भी सीज किए गए। अपर जिलाधिकारी (नगर) के निर्देशन में यह कार्रवाई हुई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में टीम ने फैक्ट्री में तैयार हो रहे खाद्य उत्पादों की जांच की और नौ नमूने लिए। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के लेबल से छेड़छाड़ के संकेत मिले। कुछ उत्पादों पर पुराने लेबल हटाकर दूसरे निमार्ता के नाम के लेबल लगाए गए थे। विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, फर्म बेकरी और केक बनाने वाली इकाइयों को कच्चा माल देती है। जांच के लिए लिए गए नमूनों में टमाटर रेड, लेमन येलो और ब्लू लिक्विड फूड कलर, लिक्विड कैरेमल कलर, रेड ड्राई स्प्रे पफ कलर, डार्क कंपाउंड, गोल्डन बॉल्स और इनवर्ट शुगर सिरप शामिल हैं। सभी नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्री राधा कृष्ण रामलीला समिति द्वारा आयोजित हुई मर्यादा पुरुषोत्तम की लीला

प्रदेश कांग्रेस महासचिव पिछड़ा वर्ग के साथ ग्राम प्रधान ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर ,जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वां गांव में विगत 4 वर्षों से श्री राधा कृष्ण समिति के तत्वावधान में आयोजित की जा रही वार्षिक दो दिवसीय रामलीला का शुभारंभ धूमधाम से किया गया ग्रामीण बुजुर्ग समाजसेवी सीताराम सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत कल उत्तर भारत के सुविख्यात कलाकारों ने पहुंचकर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया कार्यक्रम के शुभारंभ में पहुंचे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग चौधरी अनूप सचान औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जहानाबाद के इनट्रैक्टर शिक्षक ध्रुव रावत एवं ग्राम प्रधान सनोज कुमार ने दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य पंडित गंगाधर शुक्ल द्वारा वेद मंत्रों की ध्वनि से वैदिक पूजन संपन्न कराया गया आए हुए सभी मुख्य अतिथियों का कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक सीताराम सोनी एवं महामंत्री बृजेंद्र सचान उर्फ बबलू सचान आदि कार्यकताओं ने बैच अलंकरण माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण अंतर्गत प्रथम दिवस उच्च कोटि के कलाकारों ने राम जन्म मुनी याचना ताड़का वध मारीच सुबाहु तथा पुष्प वाटिका आदि का सजीव चित्रण मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया संपूर्ण रात्रि गीत संगीत से ओतप्रोत धार्मिक कार्यक्रम का सभी श्रद्धालु भक्तगणों ने महा आनंद प्राप्त किया इस मौके पर कमेटी के अन्य सदस्य नीरज सोनी प्रमोद दिवाकर अतुल सैनी प्रभाकर सोनी परमानंद सैनी अंकित साहू सुभाष सचान मिथुन मोहम्मद सलाम समेत भारी संख्या में दर्शक गण मौजूद रहे

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में दुकान में आग लगी

सामान जला, दमकल टीम ने बुझाई आग; शॉर्ट सर्किट की आशंका



अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा ,वेस्ट में एक दुकान में आग लग गई। दुकान में रखा सामान जल गया। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। टीम ने रेस्क्यू का काम भी शुरू किया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। मामला सेंट्रल नोएडा के यासुपुर चकसावेरी, थाना बिसरख क्षेत्र का है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत यूसुफपुर चक शाहबेरी में स्थित एक मकान में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट व स्थानीय पुलिस द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है। आग लगने के कारण दो व्यक्ति 1-मोनू केवट उम्र 25 वर्ष 2-गुड्डू केवट उम्र 32 वर्ष घायल हो गये है, जिनको रेस्कूय करते हुए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था स्थापित है।

ट्रक से 177 किलो गांजा बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

उड़ीसा से गुरुग्राम ले जा रहे थे; कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, सेंट्रल नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने गांजा तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक से 177 किलो गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस और टीम ने थाना क्षेत्र में अंबेडकर पास के सामने ट्रक पकड़ा। ट्रक के नीचे अलग बॉडी बनाई गई थी, जिसमें गांजा छिपाया गया था। पुलिस के मुताबिक, गांजा उड़ीसा से लाया गया था और गुरुग्राम ले जाया जा रहा था। आरोपियों ने इसे ईस्टर्न पेरिफेरल पर पहुंचाना था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी इरफान और आसिफ के रूप में हुई है। इरफान ट्रक का मालिक और ड्राइवर है, जबकि आसिफ उसका हेल्पर है। पुलिस ने बताया कि ट्रक के नीचे टूल बॉक्स के पास डीजल टैंक जैसी दिखने वाली जगह बनाई गई थी। गांजा इसी जगह छिपाकर रखा गया था। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि गांजा मंगाने वालों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

में दो दिन से लापता युपक का मिला शव

परिजनों ने हत्या की जताई आशंका, 12 नंवबर को नौकरी की तलाश में आया था नोएडा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,फेज-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर-82 में दिन से लापता 21 साल के युवक का शव मिला। मृतक की पहचान हापुड़ के बझेड़ा कलां गांव निवासी हसीन के रूप में हुई है। शव की हालत देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि युवक की एक आंख गायब थी और एक हाथ टूटा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेक्टर-80 के ककराला गांव में रहने वाले मोहम्मद शादाब ने बताया कि हसीन रिश्ते में उनका साला लगता था। वह 12 नवंबर को नौकरी की तलाश में नोएडा आया था। फेज-2 क्षेत्र की एक निजी कंपनी में नौकरी मिलने के बाद उसने 13 नवंबर से काम शुरू कर दिया था। इसके बाद वह अपने मामा के कमरे पर रह रहा था। शादाब के मुताबिक 15 नवंबर की शाम करीब छह बजे हसीन ड्यूटी से कमरे पर लौटा था। कुछ देर बाद वह कहीं बाहर चला गया, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। परिजनों ने आसपास और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद 16 नवंबर को उसके भाई और अन्य परिजनों ने थाना फेज-2 में गुमशुदगी की शिकायत दी थी।

फोन पर दी जानकारी

बुधवार सुबह गांव के एक व्यक्ति ने शादाब को फोन कर सेक्टर-82 में पुस्ते के नीचे एक युवक का शव पड़े होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। वहां हसीन का शव पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि उसकी एक आंख गायब थी, चेहरा पर खून था। और एक हाथ भी टूटा हुआ था।

जालौन में अवैध ई-रिक्शा स्टैंड पर परिवहन विभाग का शिकंजा, 35 चालान और 8 वाहन सीज

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के चौथे दिन चला विशेष अभियान, अवैध बस-टैक्सी स्टैंड भी निशाने पर

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत परिवहन विभाग ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने और शहर में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 35 ई-रिक्शा के चालान किए गए, जबकि 8 वाहनों को निरुद्ध किया गया। अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश कुमार और यात्री/मालकर अधिकारी आनंद राय कुरील शामिल रहे। अधिकारियों ने जनपद में अवैध बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड और ई-रिक्शा स्टैंड को चिह्नित कर उन्हें हटाने की कार्रवाई के लिए अभियान चलाया। ऐसे स्थानों पर विशेष नजर रखी गई, जहां अनधिकृत रूप से वाहन खड़े कर सवारियां बैठाई और उतारी जाती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने, अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़ा करने और यातायात में बाधा उत्पन्न करने के मामलों में 15 ई-रिक्शा के चालान किए। वहीं यात्री/मालकर अधिकारी आनंद राय कुरील ने 20 ई-रिक्शा के चालान किए और 8 वाहनों को निरुद्ध किया। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करते हुए विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्धारित गति सीमा का पालन करने, स्कूलों के आसपास अनावश्यक वाहन खड़ा न करने और केवल अधिकृत स्थानों पर ही सवारियों को बैठाने व उतारने की हिदायत दी। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और अवैध स्टैंड संचालित न करने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात व्यवस्था में बाधा डालने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जालौन में किसानों को 21 नवंबर को मिलेगा प्याज और लहसुन का बीज, उद्यान विभाग ने जारी की सूचना

अमन लेखनी समाचार

उरई (जालौन)। जनपद के किसानों के लिए उद्यान विभाग की ओर से प्याज एवं लहसुन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीज वितरण किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान ने बताया कि राज्य औद्यानिक मिशन योजना के अंतर्गत पंजीकृत कृषकों को प्याज और लहसुन के बीज वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकासखंड कोंच, नदीगांव, महेवा, जालौन, रामपुरा एवं कुठौंद के पंजीकृत किसानों को 21 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे बीज वितरण किया जाएगा। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, उरई के प्रांगण में पहुंचना होगा। विभाग के अनुसार पात्र किसानों की सूची कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। किसान सूची में अपना नाम देखकर निर्धारित समय पर पहुंचें।

साइकिल चलाने को लेकर शुरू हुआ विवाद, युवक ने साथियों संग मामा-भांजों समेत पांच लोगों को पीटा

भांजे को बचाने पहुंचे मामा, जीजा और भाई भी बने हमलावरों का निशाना; जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए आरोपी।

अमन लेखनी समाचार



कानपुर नगर।बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के ढकनापुरवा में साइकिल चलाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। आरोप है कि एक युवक ने अपने दो-तीन साथियों के साथ मिलकर एक युवक और उसे बचाने पहुंचे उसके परिजनों पर हमला कर दिया। हमले में मामा, जीजा, भांजों और भाई समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित गोलू कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ढकनापुरवा, टीपी नगर, थाना बाबूपुरवा कानपुर नगर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका भांजा निखिल अपने एक दोस्त के साथ मौजूद था। इसी दौरान अनूप नाम का एक युवक साइकिल से वहां से गुजर रहा था। आरोप है कि अनूप गलत तरीके से साइकिल चला रहा था, जिस पर निखिल ने उसे ठीक से साइकिल चलाने के लिए कहा। इतनी सी बात अनूप को नागवार गुजर गई और वह निखिल के साथ गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के मुताबिक, कुछ देर बाद अनूप अपने साथ दो-तीन अन्य लड़कों को लेकर मौके पर पहुंच गया और निखिल के साथ मारपीट शुरू कर दी। भांजे को पिटता देख गोलू कुमार, उनके जीजा धर्मेंद्र, बड़े भांजे लकी और छोटे भाई शीबू ने बीच-बचाव कर उसे बचाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान अनूप और उसके साथियों ने उन लोगों को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की, जिससे सभी को काफी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित गोलू कुमार ने थाना बाबूपुरवा पुलिस से अनूप और उसके साथियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा आरोपियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जानकारी आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान को किया नमन, जयंती पर प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

जिला एकीकरण समिति के तत्वावधान में हुआ आयोजन, वीरांगना के साहस और राष्ट्रभक्ति को किया याद

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। जिला एकीकरण समिति के तत्वावधान में गुरुवार को टाउनहाल के पास स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पर उनकी 160वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने रानी लक्ष्मीबाई अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाकर वीरांगना को नमन किया। मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी जिस वीरता और आत्मसम्मान के साथ अंग्रेजी हुकूमत का मुकाबला किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। श्रीमती शशि सोमेंद्र सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई देश की आन, बान और शान की प्रतीक थीं। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के सामने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया। उनका जीवन महिला सशक्तीकरण, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। अशोक राठौर ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने अपने पराक्रम से अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका भी पुरुषों के समान महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण दास बबानी ने किया। इस मौके पर महावीर तरसौलिया, डॉ. ममता स्वर्णकार, डॉ. नरेश वर्मा, अलीम सर, महेंद्र भाटिया, युद्धवीर सिंह कंथरिया, अरविंद स्वर्णकार, नरेश निरंजन, संतोषी देवी, मेघना गुप्ता और एसडी चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

गरौठा में धूमधाम से मनाई गई वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा

जयहिंद मिशन इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन, छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। कस्बा गरौठा स्थित जयहिंद मिशन इंटर कॉलेज में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम आयोजक जयहिंद मिशन इंटर कॉलेज एवं सह सहयोगी दैनिक जागरण (मीडिया) रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने घोड़े और डीजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में महारानी लक्ष्मीबाई एवं भारत माता की जय के उद्घोष गूंजते रहे। महारानी लक्ष्मीबाई सहित अन्य देशभक्तों की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा नगर के प्रमुख चौराहों से होती हुई विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इसमें एसडीएम सुनील कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडेय शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा। इसके बाद विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र कुमार मिश्रा ने महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधक मित्रेश कुमार सारस्वत ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत छात्राएं नेहा, मुस्कान, प्रियंका, प्रिन्सी एवं चाहत ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की। इसके बाद अंजू और पूनम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अनन्या ने महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर भाषण दिया। वहीं एलिस, प्रिन्सी, मानसी, करिश्मा, आशिया, राविया, खुशी, मांडवी, कविता, पायल एवं स्वीटी ने 1857 की क्रांति में महारानी लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच हुए युद्ध पर आधारित नाटक का शानदार मंचन किया। प्रियंका, प्रिन्सी, वैष्णवी एवं चाहत ने 'नगाड़े संग ढोल बाजे' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। अनुष्का नामदेव ने भाषण दिया। एलिस, राविया एवं प्रिन्सी ने दंगल मिक्स सॉन्ग पर प्रस्तुति दी, जबकि पूनम और अंजू ने 'वेलकम टू राजस्थानी' गीत पर मनमोहक नृत्य किया। कक्षा 12 के छात्र सुमित सेंगर ने 'मैं फिरूं श्याम तेरे नाम की जोगन बनके' भजन पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार मिश्रा एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र, शौर्य, साहस एवं देशभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शानदार आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की। अंत में विद्यालय प्रबंधक मित्रेश कुमार सारस्वत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वैभव गिरी ने किया। इस अवसर पर आस्था श्रीवास्तव (जतारा), साधना श्रीवास्तव (जतारा), गोविंद सिंह तोमर (जतारा), अरुणा ओझा (झांसी), आर.के. मिशन विद्यालय झांसी का स्टाफ, जे.बी. मिशन जतारा का विद्यालय स्टाफ, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिवनारायण शर्मा, किशोरी भाई यदुवंशी, आशुतोष तिवारी (प्रधानाचार्य), रतीराम भोड़ेले, रमेश चंद्र रावत, पंकज नायक, रविंद्र पुरी, सौरभ द्विवेदी, मुकुल दीक्षित, नीलेश आर्य, अरविंद्र तिवारी, चंद्रप्रकाश परिहार, वेदिका, सरोज मोहिनी, अनामिका, सीता, नैंसी, प्रतिभा सारस्वत, शिवेंद्र चतुर्वेदी, रामकिशन एवं रामपाल यदुवंशी (पत्रकार) सहित नगर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और पत्रकार मौजूद रहे।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर हुई प्रतियोगिता, मानवी सिंह रहीं प्रथम

जिला स्तरीय पीपीटी राउंड में मानवी सिंह ने मारी बाजी, वित्यांश सिंह द्वितीय और प्रतीक्षा दिवाकर तृतीय स्थान पर रहीं

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)।रानी लक्ष्मीबाई सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह की अध्यक्षता में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (ब्लैड) के अंतर्गत जिला स्तरीय चैलेंज ट्रैक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल, जालौन द्वारा मेरा युवा भारत (ट इँ१३) तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से आयोजित इस प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी प्रतिभा और विचारों का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता प्रक्रिया का तृतीय चरण था। द्वितीय चरण की निबंध प्रतियोगिता में सफल होकर चयनित प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय पीपीटी राउंड में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की थीम 'जनसांख्यिकीय लाभांश एवं मानव पूंजी विकास' रखी गई थी। प्रतिभागियों ने निर्धारित विषय पर अपनी प्रस्तुतीकरण क्षमता, विचारों और तार्किक दृष्टिकोण के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मानवी सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विव्यांश सिंह द्वितीय और प्रतीक्षा दिवाकर तृतीय स्थान पर रहीं। जिला स्तरीय पीपीटी राउंड में विजयी प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, निर्णायक मंडल के सदस्य, व्यायाम प्रशिक्षक एवं समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर सालाबाद में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

सात दिवसीय कथा के बाद हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन, आठ गांवों में दिया गया धुआं-बंद निमंत्रण

अमन लेखनी समाचार



जालौन। ग्राम पंचायत सालाबाद सुढ़ार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा अमृतवर्षा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का बुधवार को विधिवत समापन हो गया। गुरुवार को हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। ग्राम निवासी दुर्गाप्रसाद प्रजापति एवं उनके परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पं. शिवम नगायच शास्त्री ने सात दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, भक्ति और धर्म के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। कथा समापन के बाद गुरुवार को विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे के लिए सालाबाद, सुढ़ार, परवई, लहरुआ, पमा, ताबा और सिकरी राजा समेत आसपास के आठ गांवों में धुआं-बंद न्योता दिया गया था।

जालौन में 143 नहरों की टेल तक पहुंचा पानी, रबी फसलों की सिंचाई को मिली रफ्तार

291 नहरों के जरिए खेतों तक पहुंचाया जा रहा पानी, शेष नहरों में भी रोस्टर के अनुसार जारी है जलापूर्ति

अमन लेखनी समाचार



जालौन। रबी फसलों की सिंचाई को लेकर सिंचाई विभाग ने नहरों के संचालन और टेल फीडिंग का कार्य तेज कर दिया है। जनपद में किसानों को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। अब तक जिले की 291 नहरों में से 143 नहरों की टेल फीडिंग पूरी कर ली गई है। इससे नहरों के अंतिम छोर पर स्थित किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी मिलने की उम्मीद बढ़ी है। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग धर्म घोष ने बताया कि जनपद में हमीरपुर और कुठौंद शाखा के माध्यम से नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। इन दोनों मुख्य शाखाओं की लंबाई क्रमशः 132.968 किलोमीटर और 105.210 किलोमीटर है। इनसे निकलने वाली कुल 291 नहरों के माध्यम से किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर से नहरों का संचालन शुरू किया गया था। इसके बाद अब तक 143 नहरों की टेल फीडिंग का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष नहरों में भी निर्धारित रोस्टर और प्राथमिकता के आधार पर पानी पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है। नहरों में जल प्रवाह सुचारु बनाए रखने के लिए विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्र में रहकर नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। कहीं अवरोध या पानी के प्रवाह में कमी की शिकायत मिलने पर तत्काल निरीक्षण कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। सिंचाई विभाग ने किसानों से नहरों की अवैध कटिंग नहीं करने और पानी का जरूरत के अनुसार संयमित उपयोग करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पानी का सही तरीके से उपयोग होने पर नहरों के अंतिम छोर तक रहने वाले किसानों को भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। टेल तक पानी नहीं पहुंचने या जल प्रवाह में बाधा आने पर किसान तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को सूचना दें।

हरदोई इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतने और हेलमेट-सीट बेल्ट लगाने की दी गई सीख

अमन लेखनी समाचार



जालौन। यातायात माह नवंबर के अंतर्गत गुरुवार को हरदोई इंटर कॉलेज, हरदोई गूजर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात वीर बहादुर सिंह ने यातायात पुलिस टीम के साथ विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। इसके साथ ही जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने, सड़क पर बने डिवाइडर के महत्व, सुरक्षित तरीके से ओवरटेकिंग करने और यातायात संकेतों का पालन करने के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य वीर सिंह चौहान, शिक्षक विष्णुकांत दीक्षित, राजीव मिश्रा एवं रामजी गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव मिश्रा ने किया। अंत में यातायात पुलिस ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में सहयोग करने की अपील की।

जालौन में टप्पेबाजों का आतंक, कपड़े बेचने के बहाने महिला से 9500 रुपये पार

जालौन।नगर में चोरी और टप्पेबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला कोंच चौराहे के पास स्थित तोपखाना मोहल्ले का है, जहां कपड़े बेचने के बहाने पहुंचे तीन युवकों ने एक महिला को अपना निशाना बनाते हुए कथित तौर पर 9500 रुपये पार कर दिए। जानकारी के अनुसार, तीन युवक कपड़े बेचने के बहाने महिला के पास पहुंचे। बातचीत और सामान दिखाने के दौरान कथित तौर पर उन्होंने टप्पेबाजी की घटना को अंजाम दे दिया और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद महिला को रुपये गायब होने की जानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया।

सुजानपुर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ और तुलसी विवाह का आयोजन

23 नवंबर को होगा हवन-भंडारा

अमन लेखनी समाचार



जालौन, कदौरा।क्षेत्र के सुजानपुर स्थित एलीट एग्रो फार्म हाउस में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं तुलसी विवाह का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की सहभागिता हो रही है। कथा का रसपान किशोरी सेवा धाम आश्रम, राधाकुंड (मथुरा) के आचार्य रामभरोसे शास्त्री करा रहे हैं। धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 16 नवंबर को कदौरा स्थित बड़ी माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है, जो 22 नवंबर तक चलेगा। आयोजन के अंतिम चरण में 23 नवंबर को सुबह 10 बजे विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद पूर्णाहुति एवं हवन-पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में परीक्षित के रूप में श्रीमती सावित्री गुप्ता एवं स्वर्गीय रामप्रकाश गुप्ता (जलालपुर वाले) की सहभागिता है। आयोजक गुप्ता परिवार ने क्षेत्रवासियों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवागमन हेतु रिक्शे की व्यवस्था भी की गई है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक -
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

बदलते मौसम और बढ़ते प्रदूषण के इन दिनों में बच्चों के फेफड़ों को सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता की सतर्कता बहुत जरूरी है। शुरुआत में ही लक्षणों को पहचानकर सही कदम उठाने से छोटी परेशानी को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

अस्थमा-एलर्जी से बच्चों को जब सांस लेने में हो परेशानी



डिजीज
डॉ. अमित सुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रीशन, नियोनेटोलॉजिस्ट
मरहूड हॉस्पिटल, बोड़ा इन्साीजर

बदलते मौसम का महीना नवंबर, बच्चों के लिए कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी लेकर आता है। इस दौरान तापमान में गिरावट, हवा में बढ़ता प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण अस्थमा और सांस से जुड़ी एलर्जी से पीड़ित बच्चों की परेशानी बढ़ सकती है। धुआं, धूल कण और ठंडी हवा मिलकर प्रदूषण का स्तर बढ़ा देते हैं। ऐसे में बच्चों को खांसी, छींक, सांस लेने में परेशानी और सीने में जकड़न जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



इसलिए बढ़ती है समस्या: एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स से पता चलता है कि हवा कितनी साफ या प्रदूषित है। हवा में मौजूद पीएम-2.5, पीएम-10 जैसे छोटे प्रदूषक कण और अन्य हानिकारक गैसें सांस की नली और फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। बच्चों को इसका खतरा अधिक होता है, क्योंकि उनके फेफड़े अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुए होते और उनकी सांस लेने की गति बड़ों से ज्यादा होती है।

जब हवा में इस तरह का प्रदूषण बढ़ता है, तो छोटे-छोटे प्रदूषक कण सांस के जरिए फेफड़ों के अंदर तक पहुंच जाते हैं। इससे सांस की नली में सूजन और जलन हो सकती है। अस्थमा से पीड़ित बच्चों में सांस की नलियां सिकुड़ने लगती हैं, जिससे खांसी, सीने में जकड़न, घरघराहट और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। इसके अलावा ठंडी-सूखी हवा, धूल, फफूंद और मौसम में फैलने वाले वायरस भी एलर्जी और अस्थमा की परेशानी बढ़ा सकते हैं।

इन लक्षणों को न करें इग्नोर: अगर बच्चे को रात में या खेलने-कूदने के बाद बार-बार खांसी आती है, तो यह अस्थमा का संकेत हो सकता है। इसके अलावा सांस लेते समय घरघराहट, बार-बार छींक आना, नाक बंद होना या बहना, आंखों में खुजली, सीने में जकड़न और सांस फूलना जैसे लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए। अगर बच्चा खेलने या दौड़ने से बचने लगे क्योंकि जल्दी सांस फूलती है या रात में खांसी के कारण बार-बार उसकी नींद खुलती है, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। अगर बच्चे को बहुत ज्यादा सांस लेने में परेशानी हो, सांस लेते समय छाती अंदर की ओर खिंच रही हो, होंठ नीले पड़ने लगें या बच्चा ठीक से बोल न पाए, तो तुरंत मेडिकल सहायता लें।

अगर हो बार-बार खांसी: हर बार खांसी या छींक का कारण प्रदूषण नहीं होता, लेकिन अगर बच्चे को बार-बार ऐसी परेशानी हो रही है, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर डॉक्टर से जांच, सही इलाज और प्रदूषण से बचाव के उपाय बच्चों को अस्थमा और एलर्जी से होने वाली परेशानियों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

ऐसे लक्स रहेंगे सुरक्षित: बच्चों को घर से बाहर ले जाने से पहले हवा का एक्यूआई जरूर चेक करें। अगर प्रदूषण का स्तर ज्यादा है, तो बच्चों को बाहर खेलने या दौड़ने से बचाएं और घर के अंदर ही खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। व्यस्त सड़कों, निर्माण स्थलों और ज्यादा ट्रैफिक वाली जगहों पर जाने से भी बचें। घर के अंदर भी हवा को साफ रखना जरूरी है।



बच्चों के आस-पास धूम्रपान, अगरबत्ती, मच्छर भगाने वाली कॉइल और तेज केमिकल वाले सफाई उत्पादों का इस्तेमाल न करें। घर की नियमित सफाई करें ताकि धूल जमा न हो। जब बाहर की हवा साफ हो, तभी खिड़कियां खोलकर घर में ताजी हवा आने दें। जिन बच्चों को अस्थमा है, उन्हें डॉक्टर की सलाह के अनुसार इन्हेलर और दवाएं नियमित रूप से देते रहें। माता-पिता को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे के पास अस्थमा से बचाव और इलाज की सभी चीजें हों और वह इन्हेलर का सही इस्तेमाल करना जानता हो। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. विनोद खन्ना
सीनियर एन्डोक्रोनोलॉजिस्ट, सोशियलोजेन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नई मुंबई

आंकड़ों के अनुसार 5 से 5.5 करोड़ व्यक्ति भारत में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सीओपीडी से ग्रस्त हैं। यही नहीं हर साल देश में लगभग 15 लाख (1.5 मिलियन) लोगों की जान इस बीमारी के कारण जाती है। ऐसे में इसकी गंभीरता को समझ सकते हैं। कल ही वर्ल्ड सीओपीडी डे (18 नवंबर) बीता है। इस अवसर पर आपको इससे जुड़ी बहुत ही यूजफुल जानकारियां दे रहे हैं एक्सपर्ट डॉक्टर।

सांस संबंधी गंभीर रोग है सीओपीडी सही डायग्नोसिस-प्रॉपर ट्रीटमेंट है जरूरी



क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) फेफड़ों से संबंधित एक गंभीर बीमारी है। लंबे अरसे तक जारी रहने वाली इस समस्या में फेफड़ों के वायुमार्ग सिकुड़ जाते हैं। नतीजतन, पीड़ित व्यक्ति के फेफड़ों से अशुद्ध वायु यानी कार्बन डाई-ऑक्साइड बाहर नहीं निकल पाती, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को सांस लेने में बहुत तकलीफ होती है। किसी भी तरह का धूम्रपान इस बीमारी का प्रमुख कारण है।

प्रमुख लक्षण

- सहज रूप से सांस लेने में दिक्कत।
- लंबे समय से खांसी की समस्या।
- हल्का-सा शारीरिक श्रम करने के बाद तेज सांस चलना यानी हांफना।
- अधिक मात्रा में बलगम निकलना। सीओपीडी से ग्रस्त मरीजों में बलगम बहुत ज्यादा बनता है।
- वजन का कम होते जाना। अनेक मामलों में वजन कम होने के कारणों का पता नहीं चल पाता।
- दिनचर्या के सामान्य कार्यों को अंजाम देने के दौरान बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस करना।

डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर द्वारा क्लीनिकल परीक्षण, लंग फंक्शन टेस्ट (स्पाइरोमेट्री), छाती का एक्स-रे और सीटी स्कैन के जरिए सीओपीडी और उससे फेफड़ों में हुई क्षति का आकलन किया जाता है। इसके बाद ही मरीज के इलाज की प्रक्रिया विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा सुनिश्चित की जाती है।



ऐसे होता है ट्रीटमेंट

जैसे मधुमेह का कोई स्थाई इलाज नहीं है लेकिन इसे नियंत्रित रखकर नॉर्मल जीवन जिया जा सकता है, ठीक उसी प्रकार सीओपीडी को भी नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन इसका कोई स्थाई इलाज नहीं है। बावजूद इसके, दवाओं, अन्य मेडिकल विधियों और धूम्रपान की लत से छुटकारा पाकर पीड़ित व्यक्ति डॉक्टर के परामर्श से इस मर्ज को नियंत्रित अवश्य कर सकता है। आइए जानते हैं सीओपीडी के उपचार के बारे में-

ब्रॉन्कोडाइलेटर्स: ये ऐसी दवाएं हैं, जो श्वास नली और फेफड़ों के संकुचन को दूर करने में सहायक हैं। ब्रॉन्कोडाइलेटर्स की मदद से वायुमार्ग साफ हो जाते हैं। इस कारण फेफड़ों में कार्बन डाई-ऑक्साइड संचित नहीं हो पाती। ब्रॉन्कोडाइलेटर्स का इस्तेमाल इनहेलर के रूप में भी किया जा सकता है।

कॉर्टिकोस्टेरॉयड्स दवाएं: ये फेफड़ों की सूजन को कम करने में मददगार है। इन्हें इनहेलर या टैब्लेट्स के रूप में लिया जा सकता है।

एंटीबायोटिक्स: जब फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है, तो इसे नियंत्रित करने के लिए डॉक्टर के परामर्श से एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दवाएं नियमित रूप से लें: सीओपीडी की तकलीफों को कम करने के लिए डॉक्टर जो दवाएं सुनिश्चित करते हैं, उन्हें नियमित रूप से लें। दवाएं लक्षणों को कम करने में सहायक हैं। सीओपीडी की दवाएं श्वसनमार्गों को चौड़ा कर और उनकी सूजन को कम करके राहत प्रदान करती हैं। ये दवाएं काफी हद तक मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक हैं। दवाएं इन्हेलेशन थेरेपी के रूप में भी उपलब्ध हैं।

फ्लू की वैक्सीन: इसे लगवाने से फेफड़ों की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

ऑक्सीजन थेरेपी: धूम्रपान और पैसिव स्मोकिंग आदि से जब फेफड़ों के टिश्यूज क्षतिग्रस्त हो जाते हैं तो इस स्थिति में सांस लेने में बेहद तकलीफ होती है। इस कंडीशन में मरीज को मेडिकल विधि के जरिए ऑक्सीजन दी जाती है।

सर्जरी: फेफड़े के क्षतिग्रस्त टिश्यूज को हटाने के लिए लंग्स की सर्जरी भी की जा सकती है।

इन बातों पर दें ध्यान

डॉक्टर के परामर्श से इंफ्लूएंजा का टीका हर साल लगवाना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि



सीओपीडी होने पर फ्लू होने या सीने में संक्रमण होने का जोखिम ज्यादा होता है।

- न्यूमोकोकल टीका लगवाएं। यह टीका फेफड़ों में एक खास तरह के बैक्टीरियल संक्रमण से बचाव में सहायक है।
- धूल और धुएं से बचाव करना फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। खासकर सीओपीडी से ग्रस्त लोगों के लिए।
- घर के अंदर खाना पकाने के दौरान उत्पन्न धुएं से बचना चाहिए।
- सांस संबंधी व्यायाम खासकर प्राणायाम करने से फेफड़े सशक्त होते हैं। इसी तरह विभिन्न प्रकार के धूम्रपान से दूर रहना भी फेफड़ों के टिशूज को सशक्त बनाता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

वायु प्रदूषण से बढ़ता है सीओपीडी



सीओपीडी के मरीजों की स्थिति वायु प्रदूषण के माहौल में बद से बदतर हो सकती है। धूम्रपान करने वाले लोगों और प्रदूषित माहौल में रहने वाले व्यक्तियों को सीओपीडी की समस्या ज्यादा होती है। इसलिए जहां तक संभव हो सीओपीडी के पेशेंट्स वायु प्रदूषण के माहौल से बचें। अगर रास्ते में वाहनों का प्रदूषण बहुत ज्यादा है, तो मास्क लगाकर ही घर से बाहर निकलें। धूम्रपान छोड़ देना सेहत के लिए हितकर रहेगा। तबीयत बढ़ने पर चेस्ट रोग विशेषज्ञ (पल्मोनोलॉजिस्ट) से परामर्श लें।

सजेशन
डॉ. रचना कटारिया
आहार विशेषज्ञ, दिल्ली

दाल पकाते समय बनने वाली झाग क्या हेल्थ के लिए होती है हार्मफुल

भारतीय रसोई में दाल आहार का अहम हिस्सा है। ध्यान दें, तो मसूर, मूंग, चना, अरहर, तुअर दाल पकाते समय उनके ऊपर सफेद झाग जमा हो जाता है। अकसर लोग इसे गंदगी या सेहत के लिए हानिकारक समझकर निकाल देते हैं। लेकिन विशेषज्ञ इसे जरूरी नहीं मानते। दाल को अच्छी तरह धोकर और सही तरीके से पकाकर हम उसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ उठा सकते हैं।

क्या होता है झाग: वास्तव में पकाते हुए दाल की सतह पर जमा हुई झाग कोई गंदगी या मिलावट नहीं होती। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। यह झाग मुख्य रूप से दो चीजों से बनती है- प्रोटीन और सैपोनिन। दालें प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत हैं। जब दाल गर्म पानी में पकती है तो इसका कुछ प्रोटीन पानी में घुल जाता है और हवा के बुलबुलों के साथ मिलकर झाग बनाता है।



साथ ही दालों के छिलकों में सैपोनिन नामक प्राकृतिक यौगिक पाया जाता है। दाल में सैपोनिन नाम का एक प्राकृतिक यौगिक होता है, जो साबुन जैसा काम करता है। जब दाल को उबालते हैं, तो ये सैपोनिन पानी के साथ मिलकर झाग बनाता है।

दाल के स्वाद पर असर: अकसर मन में यह सवाल उठता है कि क्या इस झाग को दाल में रहने देना चाहिए या निकाल देना चाहिए। वास्तव में यह जहरीली नहीं है। लेकिन इसमें मौजूद सैपोनिन स्वाद में थोड़ा कड़वा हो सकता है। अगर यह दाल में घुल जाए, तो दाल का स्वाद थोड़ा दब सकता है।

कुछ लोगों को दाल खाने के बाद पेट फूलने या गैस की शिकायत होती है। उसका एक कारण सैपोनिन और दाल में मौजूद कुछ कॉम्प्लेक्स कार्ब्स भी हो सकते हैं। बड़ी मात्रा में सैपोनिन पाचन तंत्र में हल्की जलन पैदा कर सकता है, इसलिए इसे निकाल देना बेहतर मानते हैं। इससे दाल का स्वाद नहीं बिगड़ता और पचने में आसान हो जाती है।

दाल धोना-भिगाना है फायदेमंद: दालों में अकसर कीटनाशक और चमक के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पॉलिश लगी हो सकती है। दाल पकाने से पहले 3-4 बार साफ पानी से अच्छी तरह मलकर धोने से अशुद्धियां निकल जाती हैं। झाग बनाने वाले सैपोनिन की मात्रा भी कुछ हद तक कम हो जाती है। साथ ही भिगोने से दाल में मौजूद कॉम्प्लेक्स शुगर (ऑलिगोसैकेराइड्स) टूट जाते हैं, जिससे गैस और अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

ईरान युद्ध का तीसरा चरण



अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और ईरान के नेता-कमांडर मानें अथवा न मानें, घोषित करें या ऐसे ही हमले विनाश करते रहें, लेकिन हकीकत यह है कि ईरान युद्ध का तीसरा चरण शुरू हो चुका है। अमरीकी सेना बीते 3-4 दिन से होर्मुज, केश्म द्वीप, सिरिक, बंदर लेंघे पोर्ट आदि जगहों पर हवाई हमले कर रही है। युद्ध के दौरान ही अमरीका ने मिनटमैन-3 मिसाइल का परीक्षण किया है, जो 7000 किलोमीटर की दूरी तक हमला कर सकेगी। बी-94 परमाणुमय बम का उल्लेख भी सीनेट समिति में किया गया है। क्या अमरीका परमाणु सम्मत हथियार से ईरान पर हमला कर सकता है? यह सवाल फिलहाल संभावनाओं में है। बहरहाल ईरान के करीब समंदर में अमरीका के विशालकाय विमानवाहक पोत तैनात हैं। उन पर लड़ाकू विमान, मिसाइलें और हजारों मरीन कमांडो टाइप सैनिक मौजूद हैं। अमरीका ईरान के दक्षिणी तटीय इलाकों में हवाई हमले कर रहा है, नतीजतन आईआरजीसी के मिसाइल बेस, मिसाइल लॉन्चर्स, संचार-रडार प्रणाली तबाह हुए हैं। आईआरजीसी के हथियार-भंडार को दहलाया गया है, जिसमें 6 सैनिक भी हताहत हुए हैं। बीते दो दिनों में ईरान ने अमरीका के पैट्रियॉट सिस्टम और चार एमक्यू ड्रोन मार गिराए हैं। ईरान ने ऐसा पलटवार किया है कि अमरीका के कई मंत्रियों और अधिकारियों को सेना के सुरक्षित बंकरों में भेजना पड़ा है। अधिकतर यूरोपीय देशों-जर्मनी, स्पेन, इटली, फ्रांस, ब्रिटेन, पुर्तगाल, यूनान आदि-को आतंकी हमले का अलर्ट जारी करना पड़ा है। ईरान बार-बार कह रहा है कि इस बार हमले पश्चिम एशिया के बाहर भी किए जाएंगे। यूरोपीय देश ईरानी मिसाइलों के निशाने पर हैं। साइबर हमलों के भी अलर्ट जारी किए गए हैं। यूरोप की सबसे बड़ी गैस सप्लाई कंपनी इक्विनोर पर साइबर हमला कर उसके आईटी सिस्टम को हैक कर लिया गया है। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है कि यह साइबर हमला ईरान ने किया है अथवा किसी अन्य ताकत ने किया है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 50 से अधिक ईरानी एजेंट यूरोप में सक्रिय हैं। उन्हें ही स्लीपर सेल कहा जाता है। वे साइबर, हाईब्रिड हमले करने में प्रशिक्षित और सक्षम हैं। धमकियां दी जा रही हैं कि राजनीतिक चेहरों, रणनीतिक ठिकानों और ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बनाया जा सकता है। कथित डर्टी बम, रासायनिक बम के इस्तेमाल की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं। फिलहाल ईरान ने बहरीन, कुवैत, कतर में स्थित अमरीकी सैन्य ठिकानों और सुविधाओं पर हमले किए हैं। बहरीन पर 6 दिन में 4 विध्वंसक मिसाइल हमले किए गए हैं। ईरान की सुरक्षा परिषद के सदस्य थानी ने अमरीका पर परमाणु हमले की भी चेतावनी दी है। क्या ईरान ने परमाणु बम बना लिया है? गौरतलब यह है कि ईरान का भूमिगत मिसाइल शहर अब भी जिंदा और सक्रिय है। ईरान 2500 मिसाइलों की ताकत के साथ युद्ध के तीसरे चरण में उतरा है। उधर इजरायल में दो आयरन डोम तैनात किए गए हैं। अचानक सेना की हलचलें बढ़ गई हैं। अजीब विडंबना और विरोधाभास है कि चीन के शेनझेन शहर में पहली बार चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच महामुलाकात हुई है। युद्ध भी एजेंडे पर हैं। एक तरफ संवाद है और दूसरी तरफ विध्वंसक युद्ध (ईरान और यूक्रेन) जारी हैं। तात्कालिक युद्धविराम भी नहीं हो सके। आखिर युद्धों की नियति क्या होगी? ईरान युद्ध ने तेल-गैस के वैश्विक संकट बो दिए हैं। कभी अपनी सम्पन्नता पर इतराने वाला यूरोप आज इन संकटों के कारण हाहाकार कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने मार्च, 2026 में 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया था। इसके अलावा, अक्तूबर 2026 में 10 करोड़ बैरल तेल और डीजल आपातकालीन जारी करने का फैसला सामने आया था। अमरीका जैसे देश में 1982 के बाद रणनीतिक तेल भंडार सबसे निचले स्तर पर आ गया है। सिर्फ ईरान की 25 फीसदी अर्थव्यवस्था ही नहीं घटी, बल्कि अमरीका का सैन्य खर्च 47.1 अरब डॉलर (करीब 4.4 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच चुका है। कुछ ऐसे आकलन भी सामने आए हैं कि अमरीका के कई विमान और ड्रोन नष्ट किए जा चुके हैं। क्या ट्रंप सोचेंगे कि युद्ध क्यों जारी है?

जीवनशैली
डॉ. ज्योति केसवानी
डायरेक्टर-सीनीअर फिजिशियन
आयुष कंजलाव, दिल्ली

स्वस्थ जीवन केवल रोगों से मुक्त होना नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुलित रहना भी है। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी), स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जरूरी है।

प्रकृति के सान्निध्य में बढ़ाएं स्वस्थ जीवन की ओर कदम



आज की तेज रफ्तार जिंदगी, अनियमित दिनचर्या, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव, असंतुलित खानपान और प्रकृति से बढ़ती दूरी ने अनेक जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दिया है। इनसे बचाव के लिए प्राकृतिक चिकित्सा कारगर है।

क्या है प्राकृतिक चिकित्सा: प्राकृतिक चिकित्सा एक ऐसी स्वास्थ्य पद्धति है, जो प्रकृति के सिद्धांतों और प्राकृतिक साधनों के माध्यम से स्वास्थ्य संवर्धन, रोगों की रोकथाम तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन पर बल देती है। इसमें शरीर, मन और जीवनशैली को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ माना जाता है। इसका उद्देश्य केवल किसी बीमारी के लक्षणों पर ध्यान देना नहीं, बल्कि व्यक्ति की संपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने में सहयोग करना है।

प्रकृति के पंचमहाभूत: प्राकृतिक चिकित्सा में पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश अर्थात पंचमहाभूतों को विशेष महत्व दिया जाता है। इन्हीं प्राकृतिक तत्वों से संबंधित विभिन्न उपचार एवं स्वास्थ्य संवर्धन की विधियों का उपयोग किया जाता है।



पृथ्वी (मिट्टी चिकित्सा): मिट्टी की पट्टी, मिट्टी स्नान आदि पारंपरिक विधियों का उपयोग विश्राम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए किया जाता है।

जल (जल चिकित्सा): कटि स्नान, पाद स्नान, गर्म एवं ठंडे पानी के स्नान जैसी विधियां जल के तापमान और उपयोग के माध्यम से शरीर को आराम देते हैं।

अग्नि (सूर्य चिकित्सा): उचित समय और सावधानी के साथ प्राकृतिक सूर्य प्रकाश का लाभ लेना स्वास्थ्यवर्धक दिनचर्या का हिस्सा है। सूर्य का प्रकाश शरीर में विटामिन-डी के निर्माण में भी सहायक है।

वायु (वायु चिकित्सा): शुद्ध हवा में टहलना, गहरी एवं सहज श्वास लेना तथा खुले वातावरण में समय बिताना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

आकाश (उपवास): सही मार्गदर्शन में उपवास, पर्याप्त विश्राम और शरीर को भोजन के बीच उचित अंतराल देना इस सिद्धांत से जुड़ी पारंपरिक अवधारणाएं हैं।

प्रमुख उपचार पद्धतियां: प्राकृतिक चिकित्सा में व्यक्ति की आवश्यकता और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार विभिन्न विधियों का उपयोग किया जाता है।

आहार चिकित्सा: संतुलित एवं प्राकृतिक आहार इसका महत्वपूर्ण आधार है। मौसमी फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, मेवे और पर्याप्त पानी का सेवन शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान कराता है।

योगासन एवं प्राणायाम: योगासन, प्राणायाम और ध्यान शारीरिक सक्रियता, लचीलापन, मानसिक शांति तथा तनाव प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मालिश चिकित्सा: उचित तकनीक से की गई मालिश मांसपेशियों के तनाव को कम करने और आराम देने में सहायक होती है।

एक्यूप्रेशर-एक्यूपंक्चर चिकित्सा: एक्यूप्रेशर में शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर उंगलियों या अंगूठे से नियंत्रित दबाव दिया जाता है, जबकि एक्यूपंक्चर में इन बिंदुओं पर अत्यंत पतली, स्टेराइल सुइयों का उपयोग किया जाता है। इन विधियों का उपयोग विशेषतः दर्द और मांसपेशियों के तनाव में राहत देता है। *

प्रस्तुति: अंशु सिंह